

# वार्षिक प्रतिवेदन
# ANNUAL REPORT
# 2025


भाकृअनुप–खुम्ब अनुसंधान निदेशालय

**ICAR-Directorate of Mushroom Research**

**Chambaghat, Solan-173 213 (H.P.), India**

# ANNUAL REPORT
# वार्षिक प्रतिवेदन
## 2025


**ICAR-Directorate of Mushroom Research**
**Chambaghat, Solan - 173 213 (H.P.), India**
**भाकृअनुप-खुम्ब अनुसंधान निदेशालय**
**चम्बाघाट, सोलन-173 213 (हि. प्र.), भारत**

# ANNUAL REPORT 2025
# वार्षिक प्रतिवेदन 2025

**Correct Citation**
ICAR-DMR Annual Report 2025, ICAR-Directorate of Mushroom Research, Chambaghat, Solan, Himachal Pradesh, India.

**Published by**
Dr. B.L. Attri
Director

**Editorial Team**
Dr. Anil Kumar, Sr. Scientist
Dr. Pramesh D, Sr. Scientist
Dr. Anuradha Srivastava, Sr. Scientist
Dr. Anarase Dattatray Arjun, Scientist
Dr. Shweta Bijla, Scientist
Sh. Deep Kumar Thakur, Personal Assistant

**Photography**
Mrs. Shailja Verma, Chief Technical Officer

**Published**
May 2026

**Copies printed**
20

**Contact**
**Phone:** +91-1792 230451 (O), 230131 (R)
**Fax:** +91-1792 2312017
**Email:** directordmr@gmail.com
**Website:** https://dmrsolan.res.in

**Designed and printed by**
Yugantar Prakashan (P) Ltd., New Delhi – 110064
Mobile: 09811349619] 09953134595
Email: yugpress01@gmail.com

**lgh m)j.k**
भाकृअनुप–खु.अनु.नि. वार्षिक प्रतिवेदन 2025, भाकृअनुप–खुम्ब अनुसंधान निदेशालय, चम्बाघाट, सोलन, हिमाचल प्रदेश, भारत

**}kjk idkf'kr**
डॉ. बृज लाल अत्री
निदेशक

**likndh; eMy**
डॉ. अनिल कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक
डॉ. प्रमेश डी., वरिष्ठ वैज्ञानिक
डॉ. अनुराधा श्रीवास्तव, वरिष्ठ वैज्ञानिक
डॉ. अनारसे दत्तात्रय अर्जुन, वैज्ञानिक
डॉ. श्वेता बिजला, वैज्ञानिक
श्री दीप कुमार ठाकुर, निजी सहायक

**Nk;kdu**
श्रीमती शैलजा वर्मा, मुख्य तकनीकी अधिकारी

**idk'ku**
मई 2026

**efnr ifr;k**
20

**lEidZ**
**Qku%** +91–1792 230451 (कार्या.), 230131 (आवास)
**QSDl%** +91–1792 2312017
**b&esy%** directordmr@gmail.com
**oSclkbV%** https://dmrsolan.res.in

**fMtkbu o eqn.k**
युगान्तर प्रकाशन (प्रा.) लि., नई दिल्ली – 110 064
मोबाईलः 09811349619, 09953134595
ई–मेलः yugpress01@gmail.com

# CONTENTS
# विषय सूची


| | | |
|---|---|---|
| | Preface | v |
| | Executive Summary | viii |
| 1. | ICAR-DMR, Solan – An Introduction | 1 |
| 2. | Research Achievements | 5-79 |
| | 2.1. Mushroom Genetic Resources | 5 |
| | 2.2. Crop Improvement | 16 |
| | 2.3. Crop Production | 47 |
| | 2.4. Crop Protection | 49 |
| | 2.5. Postharvest Technology | 58 |
| | 2.6. Other Research Activities | 69 |
| 3. | Transfer of Technology | 80 |
| 4. | AICRP Mushroom Centres | 92 |
| 5. | List of Publications | 95 |
| 6. | Approved on-going Research Projects | 103 |
| 7. | Consultancy and Advisory Services | 106 |
| 8. | Committee Meetings | 125 |
| 9. | Implementation of Official Language | 132 |
| 10. | Institutional Activities | 141 |
| 11. | Training and Capacity Building | 153 |
| 12. | Distinguished Visitors | 156 |
| 13. | ICAR-DMR, Solan in Press | 157 |
| | **Annexures** | 164-171 |
| | i. Personnel of ICAR-DMR, Solan | 164 |
| | ii. Staff News | 167 |
| | iii. Awards and Recognitions | 169 |
| | iv. Financial Statement for 2025-26 | 170 |
| | v. Sale of Mushroom Spawn and Cultures | 171 |

| | | |
|---|---|---|
| | प्रस्तावना | v |
| | कार्यकारी सारांश | viii |
| 1. | खुम्ब अनुसंधान निदेशालय, सोलन – एक परिचय | 1 |
| 2. | अनुसंधान उपलब्धियां | 5–79 |
| | 2.1 खुम्ब अनुवांशिक संसाधन | 5 |
| | 2.2 फसल सुधार | 16 |
| | 2.3 फसल उत्पादन | 47 |
| | 2.4 फसल सुरक्षा | 49 |
| | 2.5 कटाई उपरांत प्रौद्योगिकी | 58 |
| | 2.6 अन्य अनुसंधान गतिविधियाँ | 69 |
| 3. | प्रौद्योगिकी हस्तांतरण | 80 |
| 4. | अखिल भारतीय समन्वित खुम्ब अनुसंधान परियोजना केंद्र | 92 |
| 5. | प्रकाशनों की सूची | 95 |
| 6. | स्वीकृत चल रही अनुसंधान परियोजनायें | 103 |
| 7. | परामर्शी और सलाहकार सेवाएं | 106 |
| 8. | समिति की बैठकें | 125 |
| 9. | राजभाषा का कार्यान्वयन | 132 |
| 10. | संस्थागत गतिविधियां | 141 |
| 11. | प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण | 153 |
| 12. | विशिष्ट आगंतुक | 156 |
| 13. | प्रेस में खुम्ब अनुसंधान निदेशालय, सोलन | 157 |
| | **vuc/k** | 164–171 |
| | i. भा.कृ.अनु.प.–खु.अनु.नि., सोलन के कार्मिक | 164 |
| | ii. कर्मचारी समाचार | 167 |
| | iii. पुरस्कार और मान्यताएँ | 169 |
| | iv. वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए वित्तीय विवरण | 170 |
| | v. खुम्ब स्पॉन और कल्चर की बिक्री | 171 |

# Preface

# प्रस्तावना



It gives me immense pleasure to present the Annual Report for the year 2025 of the ICAR-Directorate of Mushroom Research, Solan (Himachal Pradesh). This preface highlights the major research accomplishments, technological advancements, and extension initiatives undertaken by the Directorate during the year, reflecting our continued commitment to strengthening the mushroom sector in the country.

Mushrooms have emerged as an important component of sustainable agriculture due to their role in nutritional security, residue recycling, and income generation. The Directorate continues to focus on multi-disciplinary research aimed at developing impactful and scalable technologies, along with their effective dissemination to farmers, entrepreneurs, and stakeholders.

During 2025, significant progress was made in the areas of germplasm conservation, crop improvement, production, protection, post-harvest technology, and transfer of technology. A total of 171 new wild mushroom germplasm accessions were collected from diverse forest regions across the country and identified up to genus level. Additionally, 25 pure cultures were preserved in the gene bank, strengthening the national repository of mushroom genetic resources.

In crop improvement, substantial genetic variability was observed among button, oyster, shiitake, paddy straw, and milky mushrooms. Several strains exhibited tolerance to diseases such as wet bubble (*Mycogone perniciosa*) and adaptability to elevated temperatures. Molecular tools including SSR markers and gene expression studies facilitated the identification of desirable traits. A number of promising hybrids and single spore isolates were developed and evaluated for yield and stability, demonstrating strong potential for future varietal development.

मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है कि मैं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–खुम्ब अनुसंधान निदेशालय, सोलन (हिमाचल प्रदेश) का वर्ष 2025 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर रहा हूँ। यह प्रस्तावना वर्ष के दौरान निदेशालय द्वारा किए गए प्रमुख अनुसंधान उपलब्धियों, तकनीकी प्रगति तथा प्रसार गतिविधियों का सार प्रस्तुत करती है, जो देश में मशरूम क्षेत्र को सुदृढ़ करने के प्रति हमारी सतत प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

मशरूम पोषण सुरक्षा, कृषि अपशिष्ट के पुनर्चक्रण तथा आय सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के कारण सतत कृषि का एक महत्वपूर्ण घटक बनकर उभरे हैं। निदेशालय बहुविषयी अनुसंधान पर निरंतर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिसका उद्देश्य प्रभावी एवं व्यवहार्य तकनीकों का विकास करना तथा उन्हें किसानों, उद्यमियों एवं हितधारकों तक पहुँचाना है।

वर्ष 2025 के दौरान जर्मप्लाज्म संरक्षण, फसल सुधार, उत्पादन, संरक्षण, पश्च–फसल प्रौद्योगिकी तथा तकनीक हस्तांतरण के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति प्राप्त हुई। देश के विभिन्न वन क्षेत्रों से 171 नए जंगली मशरूम जर्मप्लाज्म संकलित किए गए तथा उन्हें वंश स्तर तक पहचाना गया। इसके अतिरिक्त, 25 शुद्ध संवर्धनों को जीन बैंक में संरक्षित किया गया, जिससे मशरूम आनुवंशिक संसाधनों के राष्ट्रीय भंडार को सुदृढ़ता मिली।

फसल सुधार के क्षेत्र में बटन, ऑयस्टर, शिटाके, पैडी स्ट्रॉ तथा मिल्की मशरूम में व्यापक आनुवंशिक विविधता देखी गई। कई प्रविष्टियों में वेट बबल रोग (*माइकोगोन पर्निसियोसा*) के प्रति सहनशीलता तथा उच्च तापमान के प्रति अनुकूलन क्षमता पाई गई। एसएसआर मार्कर एवं जीन अभिव्यक्ति अध्ययन जैसे आणविक उपकरणों ने वांछनीय गुणों की पहचान में सहायता प्रदान की। कई उन्नत संकरों एवं एकल बीजाणु पृथक्करणों का विकास एवं मूल्यांकन किया गया, जिनमें उच्च उत्पादन एवं स्थिरता की संभावनाएँ पाई गईं।

Crop production research achieved an important milestone with the successful demonstration of controlled indoor cultivation of morels (*Morchella* spp.), indicating the feasibility of commercial cultivation under regulated conditions. Similarly, variability in milky mushroom performance emphasized the importance of strain selection for enhanced productivity.

In crop protection, major diseases such as wet bubble, cobweb, and green mould were identified as key constraints. Advanced approaches including nanoparticle-based antifungal strategies and improved chemical treatments were evaluated for disease management. The detection of mycoviruses in oyster mushroom using molecular tools provided new insights into disease diagnostics and management.

Post-harvest studies focused on improving shelf life and maintaining quality. Antioxidant treatments such as N-acetylcysteine and ascorbic acid were effective in reducing enzymatic browning and preserving sensory attributes. UV-B irradiation was found to be a promising approach for enhancing vitamin D, content in mushrooms. Additionally, analytical methods for bioactive compounds like cordycepin in *Cordyceps militaris* were standardized, supporting value addition and nutraceutical development.

Technology transfer and human resource development remained a key priority. During the year, 49 training programmes (35 on-campus and 14 off-campus) were conducted, benefiting 2,178 participants including farmers, farmwomen, youth, and entrepreneurs across the country. Special initiatives under Scheduled Caste Sub-Plan and Tribal Sub-Plan ensured inclusive outreach. The National Mushroom Mela provided an effective platform for interaction, awareness, and recognition of progressive mushroom growers.

The achievements presented in this report are the result of the dedication, teamwork, and scientific excellence of the staff of the Directorate, supported by the Research Advisory Committee, Institute Management Committee, and stakeholders. I sincerely acknowledge their valuable contributions.

फसल उत्पादन अनुसंधान में नियंत्रित वातावरण में मोरेल मशरूम के सफल इनडोर उत्पादन का प्रदर्शन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही, जिससे इसके व्यावसायिक उत्पादन की संभावनाएँ स्पष्ट हुईं। इसी प्रकार, मिल्की मशरूम में देखी गई विविधता ने उच्च उत्पादकता के लिए उपयुक्त प्रजाति चयन के महत्व को रेखांकित किया।

फसल संरक्षण के अंतर्गत वेट बबल, कॉबवेब तथा ग्रीन मोल्ड जैसी प्रमुख बीमारियों को मुख्य बाधाओं के रूप में चिन्हित किया गया। रोग प्रबंधन हेतु नैनो–कण आधारित एंटीफंगल तकनीकों तथा उन्नत रासायनिक उपचारों का मूल्यांकन किया गया। ऑयस्टर मशरूम में मायकोवायरस की पहचान ने रोग निदान एवं प्रबंधन के लिए नए आयाम प्रदान किए।

पश्च–फसल प्रौद्योगिकी में गुणवत्ता संरक्षण एवं भंडारण अवधि बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया। एन–एसीटाइल सिस्टीन एवं एस्कॉर्बिक अम्ल जैसे एंटीऑक्सीडेंट उपचारों ने ब्राउनिंग को कम करने तथा संवेदी गुणवत्ता बनाए रखने में प्रभावी परिणाम दिए। यूवी–बी विकिरण मशरूम में विटामिन डी2 की वृद्धि के लिए एक प्रभावी तकनीक के रूप में उभरा। साथ ही, *कॉर्डिसेप्स मिलिटेरिस* में कॉर्डिसेपिन जैसे जैव सक्रिय यौगिकों के विश्लेषण हेतु विधियों का मानकीकरण किया गया।

तकनीक हस्तांतरण एवं मानव संसाधन विकास निदेशालय की प्रमुख प्राथमिकताओं में रहा। वर्ष के दौरान 49 प्रशिक्षण कार्यक्रम (35 ऑन–कैंपस एवं 14 ऑफ–कैंपस) आयोजित किए गए, जिनमें देशभर से 2,178 प्रतिभागियों (किसानों, महिला किसानों, युवाओं एवं उद्यमियों) ने भाग लिया। अनुसूचित जाति उप–योजना एवं जनजातीय उप–योजना के अंतर्गत विशेष पहलें भी की गईं। राष्ट्रीय मशरूम मेला ने हितधारकों के बीच संवाद, जागरूकता एवं प्रगतिशील उत्पादकों के सम्मान के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान किया।

इस प्रतिवेदन में प्रस्तुत उपलब्धियाँ निदेशालय के वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों की समर्पण भावना, टीमवर्क एवं उत्कृष्टता का परिणाम हैं, जिन्हें अनुसंधान सलाहकार समिति, संस्थान प्रबंधन समिति तथा अन्य हितधारकों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। मैं उनके योगदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।

My sincere gratitude to Dr. Mangi Lal Jat, Secretary (DARE) & DG (ICAR), and Dr. Sanjay Kumar Singh, Deputy Director General (Horticultural Science), along with Dr. Sudhakar Pandey, Assistant Director General (Flowers, Vegetables, Spices & Medicinal Plants), for their constant encouragement and valuable guidance in carrying forward the progress of the Directorate.

I also appreciate the efforts of the editorial team for the timely compilation and publication of this annual report. With the continued dedication, technical expertise, and commitment of the DMR family, I am confident that the Directorate will continue to achieve new milestones and effectively meet the expectations of society.

(Brij Lal Attri)

मैं डॉ. मांगी लाल जाट, सचिव (कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग) एवं महानिदेशक (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद), डॉ. संजय कुमार सिंह, उप महानिदेशक (उद्यान विज्ञान), तथा डॉ. सुधाकर पांडेय, सहायक महानिदेशक (फूल, सब्जियाँ, मसाले एवं औषधीय पौधे) के निरंतर मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन के लिए अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने निदेशालय की प्रगति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मैं संपादकीय टीम के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने इस वार्षिक प्रतिवेदन के समयबद्ध संकलन एवं प्रकाशन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मुझे पूर्ण विश्वास है कि डीएमआर परिवार की प्रतिबद्धता, तकनीकी दक्षता एवं समर्पण के बल पर निदेशालय भविष्य में भी नई उपलब्धियाँ प्राप्त करेगा तथा समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा।

(बृज लाल अत्री)

# Executive Summary
# कार्यकारी सारांश

The ICAR-Directorate of Mushroom Research has made significant progress in research, transfer of technology and human resource development during 2025. The achievements of the Directorate in the area of Germplasm conservation, Crop Improvement, Crop Production, Crop Protection, Post-Harvest Technology and Transfer of Technology are summarized here:

## Germplasm conservation

- In the present year, 171 new wild mushroom germplasm accessions were collected from the forest areas of different states and all were identified upto genus level. 25 pure tissue cultures of the entire specimen were preserved in the Gene Bank of ICAR-DMR.
- The major collected mushrooms were *Phellorinia herculeana*, *Pholiota limonella*, *Amanita vaginata*, *Boletus edulis*, *Cantharellus cibarius*, *Strobilomyces confuses*, *Lepista nuda*, *Dacryopinax spathularia, Cyptotrama asprata*, *Podoscypha petalodes*, *Russula foetens* Pers and *Lycoperdon nigrescens*.

## Crop Improvement

- Substantial genetic variability was observed across button, oyster, shiitake, and paddy straw mushroom germplasm.
- In button mushroom (*Agaricus bisporus*), three strains (A-4, A-22, and A-51) exhibited tolerance to *Mycogone* infection, indicating strong breeding potential. Additionally, eighteen strains (A-1, A-4, A-5, A-8, A-20, A-22, A-23, A-30, A-34, A-51, A-60, A-72, A-74, A-96, A-114, A-117, A-123, and A-149) demonstrated mycelial growth at elevated temperatures, with eight also confirming fruiting tolerance traits. Molecular markers, including SSRs and NBS domains, facilitated the identification of disease and temperature tolerance. Gene

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–खुम्ब अनुसंधान निदेशालय ने वर्ष 2025 के दौरान अनुसंधान, तकनीक हस्तांतरण तथा मानव संसाधन विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है। जर्मप्लाज्म संरक्षण, फसल सुधार, फसल उत्पादन, फसल संरक्षण, पश्च–फसल प्रौद्योगिकी तथा तकनीक हस्तांतरण के क्षेत्र में निदेशालय की उपलब्धियों का सारांश निम्नलिखित है:

## telykTe lajk.k

- वर्तमान वर्ष में विभिन्न राज्यों के वन क्षेत्रों से 171 नए जंगली मशरूम जर्मप्लाज्म अभिग्रहण एकत्र किए गए तथा सभी की पहचान वंश स्तर तक की गई। 25 शुद्ध ऊतक संवर्धनों को भा.कृ.अनु.प.–मशरूम अनुसंधान निदेशालय के जीन बैंक में संरक्षित किया गया।
- प्रमुख संकलित मशरूम थे – *फेल्लोरिनिया हरक्यूलियाना, फोलियोटा लिमोनेला, एमैनिटा वेजिनाटा, बोलेटस एडुलिस, कैंथारेलस सिबेरियस, स्ट्रोबिलोमाइसेस कन्फ्यूसस, लेपिस्टा नूडा, डैक्रीओपिनैक्स स्पैथुलेरिया, सिप्टोट्रॅमा एस्प्राटा, पोडोस्काइफा पेटालोड्स, रुसुला फोएटेंस* पर्स तथा *लाइकोपर्डन निग्रेसेंस*।

## Qly lq/kkj

- बटन, ऑयस्टर, शिटाके तथा पैडी स्ट्रॉ मशरूम जर्मप्लाज्म में पर्याप्त आनुवंशिक विविधता देखी गई।
- बटन मशरूम (*एगेरिकस बाइस्पोरस*) में तीन प्रविष्टियाँ (A–4, A–22 तथा A–51) में माइकोगोन संक्रमण के प्रति सहनशीलता पाई गई, जो प्रजनन क्षमता को दर्शाती है। इसके अतिरिक्त, अठारह प्रविष्टियों (A–1, A–4, A–5, A–8, A–20, A–22, A–23, A–30, A–34, A–51, A–60, A–72, A–74, A–96, A–114, A–117, A–123 तथा A–149) में उच्च तापमान पर माइसेलियल वृद्धि देखी गई, जिनमें से आठ में फलन सहनशीलता भी पाई गई। एसएसआर तथा एनबीएस डोमेन सहित आणविक मार्करों ने रोग एवं ताप सहनशीलता की पहचान में सहायता प्रदान की। जीन

expression analysis revealed limited WRKY overexpression, indicating complex regulatory mechanisms governing disease resistance. Furthermore, spore isolation from tolerant strains generated diverse single spore isolates, providing valuable material for future selection and breeding programmes.

- Fourteen successful hybrids of oyster mushroom, (ABH2 × D-985, ABH5 × D-985, ABH4 × D-985, BCH9 × D-985, ACH14 × D-985, ACH16 × D-985, ACH17 × D-985, BCH7 × D-985, BCH6 × D-985, ACH14 × P-135, ACH16 × P-135, ACH17 × P-135, AEH13 × P-135, and BCH9 × P-135) demonstrated improved growth and morphology.
- Paddy straw mushroom strain DMRO-122 showed superior biological efficiency and promising commercial cultivation potential.
- Shiitake germplasm exhibited wide variation, with several strains identified as superior under specific temperature regimes.
- All milky mushroom strains were subjected to ITS-based PCR amplification and sequencing, and were confirmed as *Calocybe indica* through NCBI BLAST analysis. Genetic diversity analysis revealed two distinct clusters, with DMRO-448 identified as a genetically divergent strain. Evaluation of thirty-two strains indicated that DMRO-299 recorded the highest biological yield (71.4%), while the lowest yields were observed in DMRO-687 (9.75%) and DMRO-1052 (10.75%). Furthermore, significant variations in metabolic composition were observed through FTIR profiling and GC–MS analysis of milky and *Macrocybe* mushroom strains. Sensory evaluation also revealed distinct differences among strains, identifying both low and high aroma/pungency types.
- In *Flammulina* mushroom, forty-six single spore isolates (SSIs) were isolated from the parental strains DMRO-1204, DMRO-400, and DMRO-1212. These SSIs were utilized to develop high-yielding white hybrids and a

अभिव्यक्ति विश्लेषण में सीमित डब्ल्यूआरकेवाई अतिअभिव्यक्ति पाई गई, जो रोग प्रतिरोध तंत्र के जटिल विनियमन को दर्शाती है। इसके अतिरिक्त, सहनशील प्रविष्टियों से बीजाणु पृथक्करण द्वारा विविध एकल बीजाणु पृथक्करण प्राप्त किए गए, जो भविष्य के चयन एवं प्रजनन कार्यक्रमों के लिए उपयोगी हैं।

- ढींगरी मशरूम के चौदह सफल संकरों (ABH2 × D–985, ABH5 × D–985, ABH4 × D–985, BCH9 × D–985, ACH14 × D–985, ACH16 × D–985, ACH17 × D–985, BCH7 × D–985, BCH6 × D–985, ACH14 × P–135, ACH16 × P–135, ACH17 × P–135, AEH13 × P–135 तथा BCH9 × P–135) में बेहतर वृद्धि एवं आकृति पाई गई।
- पैडी स्ट्रॉ मशरूम की DMRO–122 प्रविष्टि में उच्च जैविक दक्षता तथा व्यावसायिक उत्पादन की संभावनाएँ पाई गईं।
- शिटाके जर्मप्लाज्म में व्यापक विविधता देखी गई, जिनमें कई प्रविष्टियाँ विशिष्ट तापमान स्थितियों में श्रेष्ठ पाई गईं।
- सभी मिल्की मशरूम प्रविष्टियों को आईटीएस–आधारित पीसीआर प्रवर्धन एवं अनुक्रमण के लिए उपयोग किया गया तथा एनसीबीआई ब्लास्ट विश्लेषण द्वारा इन्हें *कैलोसाइबी इंडिका* के रूप में पुष्टि की गई। आनुवंशिक विविधता विश्लेषण में दो भिन्न समूह पाए गए, जिनमें DMRO–448 को आनुवंशिक रूप से भिन्न प्रविष्टि के रूप में पहचाना गया। बत्तीस प्रविष्टियों के मूल्यांकन में DMRO–299 में सर्वाधिक जैविक उपज (71.4%) दर्ज की गई, जबकि न्यूनतम उपज DMRO–687 (9.75%) तथा DMRO–1052 (10.75%) में दर्ज की गई। इसके अतिरिक्त, FTIR प्रोफाइलिंग तथा GC-MS विश्लेषण द्वारा मिल्की तथा *मैक्रोसाइबी* मशरूम प्रविष्टियों में चयापचयी संरचना में महत्वपूर्ण भिन्नताएँ देखी गईं। संवेदी विश्लेषण में भी विभिन्न प्रविष्टियों में सुगंध एवं तीव्रता के निम्न एवं उच्च स्तरों की पहचान की गई।
- *फ्लैमुलिना* मशरूम में 46 एकल बीजाणु पृथक्करणों को मूल प्रविष्टियों DMRO–1204, DMRO–400 तथा DMRO–1212 से पृथक किया गया। इनका उपयोग उच्च उपज वाले श्वेत संकरों के विकास के

total of 97 crosses were made between the SSIs derived from DMRO-1204 and DMRO-1212 (white parent). Among these, 40 hybrids were confirmed based on the presence of clamp connections. Further phenotypic screening of these hybrids revealed that six hybrids exhibited white-coloured fruit-body. These hybrids are currently under further evaluation for yield and stability.

### Crop Production

- The controlled indoor cultivation system of morels successfully supported mycelial growth, complete substrate colonization, and induction of the reproductive phase in all sixteen strains, demonstrating the feasibility of Morchella mushroom cultivation under regulated environmental conditions.
- Considerable variability in adaptability and biological efficiency was observed among the strains of Milky mushroom (*Calocybe indica*), with some failing to fruit, while high-performing strains such as DMRO-299 showed strong potential for commercial cultivation, emphasizing the need for careful strain selection in milky mushroom.

### Crop Protection

- Wet bubble disease (*Mycogone perniciosa*), Cob web (*Cladobotryum dendroides*) and Green mould (*Trichoderma* sp) were identified as major disease in major cultivated mushrooms
- Four mycoviruses namely *Oyster mushroom spherical virus* (OMSV), *Pleurotus ostreatus Virus 1* (PoV1), *Mushroom bacilliform virus* (MBV) and *La France isometric virus* (LIV) were detected in *Pleurotus ostreatus* and *P. ostreatus* var. Florida using qPCR. OMSV was recorded as the predominant virus with highest expression 10.37-fold increase over control.
- The AgNPs synthesized from *Trametes versicolor* exhibited significant antifungal activity against *Mycogone perniciosa* with average growth inhibition as 60.94%.

लिए किया गया तथा कुल 97 संकरण किए गए। इनमें से 40 संकरों की पुष्टि क्लैम्प कनेक्शन की उपस्थिति के आधार पर की गई। आगे के फीनोटाइपिक मूल्यांकन में 6 संकरों में श्वेत फलनिकाय पाए गए, जो वर्तमान में उपज एवं स्थिरता के लिए परीक्षणाधीन हैं।

### Qly mRiknu

- मोरेल मशरूम के नियंत्रित इनडोर उत्पादन प्रणाली में सभी सोलह प्रविष्टियों में माइसेलियल वृद्धि, पूर्ण सब्सट्रेट उपनिवेशन तथा प्रजनन अवस्था का प्रेरण सफलतापूर्वक प्राप्त किया गया, जिससे नियंत्रित पर्यावरणीय परिस्थितियों में इसके उत्पादन की व्यवहार्यता सिद्ध हुई।
- मिल्की मशरूम (*कैलोसाइबी इंडिका*) की प्रविष्टियों में अनुकूलन क्षमता एवं जैविक दक्षता में पर्याप्त भिन्नता देखी गई, जहाँ कुछ प्रविष्टियाँ फलन में असफल रहीं, जबकि DMRO–299 जैसी उच्च प्रदर्शन करने वाली प्रविष्टियों ने व्यावसायिक उत्पादन की मजबूत संभावना दिखाई, जिससे उपयुक्त प्रविष्टि चयन की आवश्यकता स्पष्ट हुई।

### Qly lqj{k.k

- वेट बबल रोग (*माइकोगोन पर्निसियोसा*), कॉब वेब (*क्लैडोबोट्रियम डेंड्रोइड्स*) तथा ग्रीन मोल्ड (*ट्राइकोडर्मा* प्रजाति) को प्रमुख मशरूम फसलों में मुख्य रोगों के रूप में पहचाना गया।
- चार मायकोवायरस – *ऑयस्टर मशरूम स्फेरिकल वायरस* (OMSV), *प्ल्यूरोटस ओस्ट्रेटस वायरस 1* (PoV1), *मशरूम बैसिलिफॉर्म वायरस* (MBV) तथा *ला फ्रांस आइसोमेट्रिक वायरस* (LIV ) को qPCR द्वारा *प्ल्यूरोटस ओस्ट्रेटस* एवं *पी. ओस्ट्रेटस* वर. फ्लोरिडा में पहचाना गया। OMSV को प्रमुख वायरस के रूप में दर्ज किया गया, जिसमें नियंत्रण की तुलना में 10. 37 गुना अधिक अभिव्यक्ति पाई गई।
- *ट्रामेटेस वर्सिकलर* से संश्लेषित सिल्वर नैनोकणों ने *माइकोगोन पर्निसियोसा* के विरुद्ध 60.94% तक वृद्धि अवरोध प्रदर्शित किया।

- Mancozeb (0.3%) was identified effective against wet bubble diseases of button mushroom with maximum yield increase (8.60%) over control.
- The formaldehyde-treated casing in button mushroom recorded a higher yield (15.96%) as compared to the steam-sterilized casing (14.30%).

### Post-Harvest Technology

- In studies on shelf life and post-harvest quality of button mushroom (*Agaricus bisporus*), pre- and post-harvest applications of N-acetylcysteine and ascorbic acid, along with kojic acid, were found effective in reducing browning, decay, and electrolyte leakage while maintaining better whiteness, firmness, and sensory quality under ambient storage conditions.
- In studies on post-harvest UV-B (280–320 nm) treatment of button mushroom (*Agaricus bisporus*), exposure for 15–30 minutes effectively reduced decay and maintained color and sensory quality under ambient storage, though it had limited effect on firmness and did not prevent sliminess or off-flavor.
- Developed UV-Vis spectrophotometric method for the determination of cordycepin (mycelium and fruit body) in *Cordyceps militaris*. The $ë_{max}$ value for the cordycepin was found to be at 260 nm. Cordycepin content was observed higher in the fruiting body than in the mycelium.
- UV-B irradiation was found more effective than UV-C for enhancing vitamin D, in mushrooms, with factors such as lamp–sample distance and exposure setup influencing efficacy, and an optimal exposure duration of around 30 minutes beyond which no significant additional gains were observed.

### Training and Extension

- During 2025, the Directorate organized 49 training programmes which included 35 on-campus, and 14 off-campus programmes for farmers, farmwomen, unemployed youth and entrepreneurs under various components, attended by 2178 participants from different parts of the country.

- मैंकोजेब (0.3%) को बटन मशरूम में वेट बबल रोग के नियंत्रण के लिए प्रभावी पाया गया, जिसमें नियंत्रण की तुलना में 8.60% अधिक उपज प्राप्त हुई।
- फॉर्मल्डिहाइड–उपचारित केसिंग में स्टीम–स्टेरिलाइज्ड केसिंग की तुलना में अधिक उपज (15.96% बनाम 14. 30%) दर्ज की गई।

### i'p&Qly çk|kfxdh

- बटन मशरूम (*एगेरिकस बाइस्पोरस*) के शेल्फ लाइफ एवं पश्च–फसल गुणवत्ता के अध्ययन में एन–एसीटाइल सिस्टीन, एस्कॉर्बिक अम्ल तथा कोजिक अम्ल के प्री– एवं पोस्ट–हार्वेस्ट उपयोग से ब्राउनिंग, क्षय तथा इलेक्ट्रोलाइट लीकेज में कमी तथा सफेदी, कठोरता एवं संवेदी गुणवत्ता में सुधार पाया गया।
- पोस्ट–हार्वेस्ट UV-B (280–320 nm) उपचार (15–30 मिनट) से क्षय में कमी तथा रंग एवं संवेदी गुणवत्ता में सुधार देखा गया, हालांकि कठोरता पर सीमित प्रभाव तथा स्लाइमिनेस एवं ऑफ–फ्लेवर पर नियंत्रण नहीं पाया गया।
- *कॉर्डिसेप्स मिलिटेरिस* में कॉर्डिसेपिन (माइसेलियम एवं फलनिकाय) के निर्धारण हेतु UV-Vis स्पेक्ट्रोफोटोमेट्रिक विधि विकसित की गई, जिसमें $ë_{max}$ मान 260 nm पाया गया तथा फलनिकाय में इसकी मात्रा अधिक पाई गई।
- मशरूम में विटामिन D2 वृद्धि हेतु UV-B की तुलना में UV-C विकिरण अधिक प्रभावी पाया गया, जिसमें लैम्पदृनमूना दूरी एवं एक्सपोजर व्यवस्था प्रभावकारी कारक रहे तथा लगभग 30 मिनट की अवधि सर्वोत्तम पाई गई।

### çf'k{k.k ,oa çlkj

- वर्ष 2025 के दौरान निदेशालय द्वारा 49 प्रशिक्षण कार्यक्रम (35 ऑन–कैंपस एवं 14 ऑफ–कैंपस) आयोजित किए गए, जिनमें देश के विभिन्न भागों से 2,178 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

- Among the training programmes, 5 were conducted for farmers under Tribal Sub Plan (TSP), and 13 on and off campus training progammes were conducted under Scheduled Caste-Sub Plan (SC-SP) component.
- During 2025, 6 trainings on cultivation technology of *Cordyceps militaris* were organized and were attended by a total of 76 participants.
- A one-day National Mushroom Mela was organized on 30th September, 2025 which was chaired by Dr. Sudhakar Pandey, Assistant Director General (Horticultural Science), ICAR, New Delhi along with other dignitaries. Ms. Snehal Mane, a national tennis player and owner of Samspire Café, Maharashtra was the Guest of Honour. It was attended by more than 400 participants. In the Mela, 7 progressive mushroom growers from different parts of the country were felicitated with the Progressive Mushroom Grower Award.
- Under Mera Gaon Mera Gaurav (MGMG) teams of the scientists visited the adopted villages regularly and interacted with 130 farmers on different issues including mushroom cultivation.
- During, 2025, 3 exhibitions were organized by the Directorate on National Science Day, National Kisan Diwas and Mushroom Day at the campus.

- इनमें से 5 कार्यक्रम जनजातीय उप–योजना (TSP) तथा 13 कार्यक्रम अनुसूचित जाति उप–योजना (SC-SP) के अंतर्गत आयोजित किए गए।
- *कॉर्डिसेप्स मिलिटेरिस* की उत्पादन तकनीक पर 6 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें कुल 76 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 30 सितम्बर 2025 को एक दिवसीय राष्ट्रीय मशरूम मेला आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता डॉ. सुधाकर पांडेय, सहायक महानिदेशक (उद्यान विज्ञान), भा.कृ.अनु.प., नई दिल्ली ने की। सुश्री स्नेहल माने, राष्ट्रीय टेनिस खिलाड़ी एवं सैमस्पायर कैफे, महाराष्ट्र की संचालिका, विशिष्ट अतिथि रहीं। इस कार्यक्रम में 400 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा 7 प्रगतिशील मशरूम उत्पादकों को सम्मानित किया गया।
- "मेरा गाँव मेरा गौरव" कार्यक्रम के अंतर्गत वैज्ञानिकों ने गोद लिए गए गाँवों का नियमित भ्रमण किया तथा 130 किसानों के साथ संवाद किया।
- वर्ष 2025 के दौरान निदेशालय द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, राष्ट्रीय किसान दिवस एवं मशरूम दिवस के अवसर पर 3 प्रदर्शनियाँ आयोजित की गईं।

# 1. DMR - An Introduction
# 1. खुम्ब अनुसंधान निदेशालय - एक परिचय

Mushroom farming has contributed in nutritional security and employment generation in the urban and rural areas. If the mushroom wealth of India is harvested to its true potential it could play a vital role in improving the livelihoods of many people. The institute has contributed immensely for enhancement of mushroom production of the country through strain improvement programmes in different mushrooms. Using biotechnological approaches mushroom strains were enriched with notable quality traits. Institute has developed various eco-friendly techniques for the management of mushroom diseases like wet bubble and yellow mould. With the time the mandate and scope of the institute have expanded and the research was also conducted to develop value added products and to enhance the shelf-life and storage of different mushroom crops. Viewing the depleting per capita land holding in the country mushrooming is lucrative option for the modern generation.

Mushroom cultivation utilizes vertical space and less water compared to other crops. It is a crop of waste-to-wealth. The mushroom cultivation also strengthens the livelihood of farmers by generating constant farm income and employment opportunities. On recognizing the importance a systematic research on mushroom science has been initiated in India with the establishment of National Research Centre for Mushroom in 1983 at Solan (HP) under the aegis of Indian Council of Agricultural Research (ICAR). After 25 years, with remarkable achievements in mushroom research, National Research Centre was upgraded as Directorate of Mushroom Research (DMR) on 26th Dec, 2008. This Directorate is the only institute exclusively dedicated to mushroom research and development in the country. By the concerted efforts of the scientists of ICAR-DMR, mushroom production has reached to 3,98,770 tonnes in the country. The directorate has continuously engaged in developing region

मशरूम खेती ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण सुरक्षा तथा रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यदि भारत की मशरूम संपदा का पूर्ण क्षमता के साथ उपयोग किया जाए, तो यह अनेक लोगों की आजीविका सुधारने में अत्यंत प्रभावी भूमिका निभा सकती है। संस्थान ने विभिन्न प्रकार के मशरूमों में उन्नत किस्मों के विकास कार्यक्रमों के माध्यम से देश में मशरूम उत्पादन बढ़ाने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। जैव–प्रौद्योगिकी आधारित तकनीकों का उपयोग कर मशरूम की ऐसी उन्नत प्रजातियाँ विकसित की गई हैं जिनमें गुणवत्ता संबंधी विशेष गुण विद्यमान हैं। संस्थान द्वारा वेट बबल तथा येलो मोल्ड जैसी मशरूम की बीमारियों के प्रबंधन हेतु पर्यावरण–अनुकूल तकनीकों का विकास किया गया है। समय के साथ संस्थान के कार्यक्षेत्र और दायित्वों का विस्तार हुआ तथा मूल्य संवर्धित उत्पादों के विकास, मशरूम फसलों की भंडारण क्षमता एवं शेल्फ लाइफ बढ़ाने पर भी अनुसंधान किया गया। देश में प्रति व्यक्ति भूमि उपलब्धता में निरंतर कमी को देखते हुए मशरूम उत्पादन आधुनिक पीढ़ी के लिए एक लाभकारी व्यवसाय के रूप में उभर रहा है।

मशरूम उत्पादन में ऊर्ध्वाधर स्थान (Vertical Space) का उपयोग किया जाता है तथा अन्य फसलों की तुलना में कम पानी की आवश्यकता होती है। यह "अपशिष्ट से संपदा" (Waste to Wealth) की अवधारणा पर आधारित खेती है। मशरूम उत्पादन किसानों की आजीविका को सुदृढ़ बनाते हुए निरंतर आय और रोजगार के अवसर प्रदान करता है। मशरूम के महत्व को ध्यान में रखते हुए भारत में संगठित मशरूम अनुसंधान की शुरुआत वर्ष 1983 में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश के सोलन में राष्ट्रीय मशरूम अनुसंधान केंद्र की स्थापना के साथ हुई। 25 वर्षों की उल्लेखनीय उपलब्धियों के उपरांत, 26 दिसंबर 2008 को इस केंद्र को उन्नत कर खुम्ब अनुसंधान निदेशालय (DMR) का दर्जा प्रदान किया गया। यह देश का एकमात्र संस्थान है जो विशेष रूप से मशरूम अनुसंधान एवं विकास के लिए समर्पित है। आईसीएआर–डीएमआर के वैज्ञानिकों के संयुक्त प्रयासों से देश में मशरूम उत्पादन बढ़कर 3,98,770 टन तक पहुँच गया है। निदेशालय देश के विभिन्न क्षेत्रों

specific technologies for country. The technologies are validated and developed through the All India Coordinated Research Project network on Mushroom, which was initiated in the year 1983 with its headquarters at Solan.

## Location

The Directorate of Mushroom Research is located in Solan city of Himachal Pradesh, endeared as the gateway of Himachal Pradesh. The mountainous wonder of Solan city is famous for its cultural splendor, excellent picnic spots, numerous old temples and seasonal vegetable crops. Being quite industrialized, Solan is widely popular for its mushroom cultivation and bearing the title of "Mushroom City of India". Considering the contribution of this city and endeavour of DMR towards mushroom research, development, cultivation and popularization of mushroom, the Hon'ble Chief Minister of Himachal Pradesh declared Solan as the Mushroom City of India on 10th September, 1997 during the Indian Mushroom Conference organized jointly by the DMR and Mushroom Society of India.

## Infrastructure

The directorate has 12 modern environment controlled cropping rooms and one poly house along with modern composting units comprising of four indoor bunkers and four bulk chambers. The centre has five well equipped laboratories for biotechnology, germplasm conservation, spawn production, plant protection and post harvest technology with modern state of the art equipments. The TOT division has well sophisticated training centre with a capacity to accommodate more than 250 trainees at a time. The Directorate of Mushroom Research has a specialized library collection in mushroom science and related sciences to support research and consultancy in the relevant areas. The library has accessioned 2167 books, 2500 back volumes of journals. This is a sole referral library for mushroom literature in India.

के लिए क्षेत्र–विशिष्ट तकनीकों के विकास में निरंतर संलग्न है। इन तकनीकों का परीक्षण एवं विकास अखिल भारतीय समन्वित खुम्ब अनुसंधान परियोजना (AICRP on Mushroom) नेटवर्क के माध्यम से किया जाता है, जिसकी स्थापना वर्ष 1983 में सोलन मुख्यालय के साथ की गई थी।

## LFkku

मशरूम अनुसंधान निदेशालय हिमाचल प्रदेश के सोलन नगर में स्थित है, जिसे हिमाचल प्रदेश का प्रवेश द्वार कहा जाता है। सोलन अपनी सांस्कृतिक विरासत, रमणीय पर्यटन स्थलों, प्राचीन मंदिरों और मौसमी सब्जी उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। औद्योगिक दृष्टि से विकसित होने के साथ–साथ यह मशरूम उत्पादन के लिए भी व्यापक रूप से प्रसिद्ध है और इसे "भारत का मशरूम नगर" कहा जाता है। सोलन तथा निदेशालय के मशरूम अनुसंधान, विकास एवं लोकप्रियकरण में योगदान को देखते हुए हिमाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री ने 10 सितंबर 1997 को भारतीय मशरूम सम्मेलन के दौरान सोलन को "भारत का मशरूम नगर" घोषित किया। यह सम्मेलन निदेशालय एवं मशरूम सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था।

## vo|jpuk

निदेशालय में 12 आधुनिक पर्यावरण नियंत्रित क्रॉपिंग कक्ष, एक पॉलीहाउस तथा आधुनिक कम्पोस्टिंग इकाइयाँ उपलब्ध हैं, जिनमें चार इनडोर बंकर और चार बल्क चेंबर सम्मिलित हैं। संस्थान में जैव–प्रौद्योगिकी, जर्मप्लाज्म संरक्षण, स्पॉन उत्पादन, पादप संरक्षण एवं फसलोपरांत प्रौद्योगिकी हेतु पाँच अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ स्थापित हैं। प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (TOT) प्रभाग में एक आधुनिक प्रशिक्षण केंद्र उपलब्ध है, जिसमें एक समय में 250 से अधिक प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया जा सकता है। निदेशालय का पुस्तकालय मशरूम विज्ञान एवं संबंधित विषयों के क्षेत्र में विशेष संग्रह वाला भारत का प्रमुख संदर्भ पुस्तकालय है। पुस्तकालय में 2167 पुस्तकें तथा 2500 जर्नलों के बैक वॉल्यूम उपलब्ध हैं।

## Personnel and finance

The Directorate has a sanctioned strength of 18 scientists, 11 technical, 14 administrative and 5 multitasking staff. The staff position as on 31.12.2025 was 12 scientists, 8 technical, 11 administrative and 0 multitasking staff. The annual budget of the Directorate for the year 2025-26 was Rs. 1275.01 Lakhs which was fully utilized. The institute earned Rs. 211.41 lakhs as revenue during the year by sale of literature, mushroom cultures, spawn, fresh mushrooms, value added products, consultancy, training and other services.

## Vision

Mushroom research and development for economic growth, ecological sustainability and nutritional security.

## Mission

R & D to undertake basic research, conserve mushroom diversity, develop technologies/ varieties to enhance mushroom quality and productivity, utilize agro-wastes / spent mushroom substrates and promote secondary agriculture for generating employment, ameliorating poverty and ensuring nutritional security.

## Mandate

1. To conduct mission-oriented and innovative research on all aspects of mushrooms.
2. To act as Centre of academic excellence and repository of mushroom germplasm and know how.
3. To coordinate network research on location specific problems to achieve higher production and increased productivity.
4. To promote human resource development and transfer of technology to provide technical support to mushroom industry as well as rural masses for poverty alleviation through trainings.
5. To provide technical guidance in mushroom research and development.

## dkfeZd ,oa foÙk

निदेशालय में 18 वैज्ञानिक, 11 तकनीकी, 14 प्रशासनिक एवं 5 बहु–कार्यकारी कर्मचारियों के पद स्वीकृत हैं। दिनांक 31.12.2025 तक संस्थान में 12 वैज्ञानिक, 8 तकनीकी एवं 11 प्रशासनिक कर्मचारी कार्यरत थे, जबकि बहु–कार्यकारी कर्मचारियों के पद रिक्त थे। वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए निदेशालय का वार्षिक बजट 1275.01 लाख रुपये था, जिसका पूर्ण उपयोग किया गया। संस्थान ने साहित्य, मशरूम कल्चर, स्पॉन, ताजे मशरूम, मूल्य संवर्धित उत्पादों, परामर्श, प्रशिक्षण एवं अन्य सेवाओं की बिक्री से 211.41 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया।

## –f"V

आर्थिक विकास, पारिस्थितिकीय स्थिरता एवं पोषण सुरक्षा हेतु मशरूम अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देना।

## fe'ku


मौलिक अनुसंधान करना, मशरूम विविधता का संरक्षण करना, गुणवत्ता एवं उत्पादकता बढ़ाने हेतु तकनीकों एवं किस्मों का विकास करना, कृषि अपशिष्ट एवं प्रयुक्त मशरूम सब्सट्रेट का उपयोग करना तथा रोजगार सृजन, गरीबी उन्मूलन और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए द्वितीयक कृषि को प्रोत्साहित करना।

## mís';

1. मशरूम के सभी पहलुओं पर मिशन उन्मुख एवं नवाचार आधारित अनुसंधान करना।
2. मशरूम जर्मप्लाज्म एवं तकनीकी ज्ञान के संरक्षण हेतु शैक्षणिक उत्कृष्टता केंद्र के रूप में कार्य करना।
3. क्षेत्र विशेष की समस्याओं के समाधान हेतु नेटवर्क अनुसंधान का समन्वय करना, जिससे उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि हो सके।
4. प्रशिक्षणों के माध्यम से मानव संसाधन विकास एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को बढ़ावा देकर मशरूम उद्योग तथा ग्रामीण समुदाय को तकनीकी सहायता प्रदान करना।
5. मशरूम अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराना।

# ORGANOGRAM OF ICAR-DMR, SOLAN

## भाकृअनुप-खुम्ब अनुसंधान निदेशालय संगठन



# 2. Research Achievements
# 2. अनुसंधान उपलब्धियाँ

## 2.1 Mushroom Genetic Resources
## 2-1 [kEc vkuqof'kd lalk/ku

### Germplasm collection, characterization and conservation

### Germplasm Collection and Characterization

Fungal expeditions were carried out in 2025 across various regions of Himachal Pradesh, India, resulting in a total of 189 fungal collections. Of these, approximately 100 specimens were identified up to the species level, while around 160 were identified up to the genus level. Several noteworthy and intriguing species were recorded, including *Neoboletus luridiformis, Macrolepiota dolichaula, Cyclocybe aegerita, Ganoderma lucidum, Suilus sibiricus*. Among these, 8 species, namely *Calvtia gigentia/cyathiformis, Macrolepiota dolichaula, Macrolepiota dolichaula, Ganoderma lucidum, Stropharia rugosoannulata, Morchella sp., Isaria cicade, Cyclocybe aegerita*, were successfully cultured. Voucher specimens of all collections have been deposited in the herbarium of the ICAR–Directorate of Mushroom Research, Chambaghat, Solan, Himachal Pradesh. Detailed macroscopic and microscopic analyses of five selected specimens are presented below.

**1. *Suillellus luridus*** (Schaeff.) Murrill (1909)

**Macroscopic Description:** Pileus up to 8 cm wide, convex to flattened with age, shiny, coppery bronze to chocolate brown, bluish on exposure. Undersurface poroid, pores rounded initially, crowded, reddish brown, orange red to rusty brown. Pore tubes yellowish orange, turns bluish green immediately on cutting. Stipe up to 12 cm long, 3-4 cm broad,

### telykTe lxg] y{k.k&o.ku ,oa lajk{k.k

### telykTe lxg ,oa y{k.k&o.ku

वर्ष 2025 के दौरान भारत के हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में कवकीय अन्वेषण किए गए, जिनके परिणामस्वरूप कुल 189 कवकीय संग्रह प्राप्त हुए। इनमें से लगभग 100 नमूनों की पहचान प्रजाति स्तर तक तथा लगभग 160 नमूनों की पहचान वंश स्तर तक की गई। इस दौरान कई महत्वपूर्ण एवं रोचक प्रजातियाँ दर्ज की गईं, जिनमें *नियोबोलेटस लुरिडिफॉर्मिस, मैक्रोलेपियोटा डोलिकाउला, साइक्लोसाइबे एजेरिटा, गैनोडर्मा लूसिडम* तथा *सुइलस सिबिरिकस* प्रमुख हैं। इनमें से 8 प्रजातियों, अर्थात् *कैल्वेटिया गिगैन्टिया/साइथीफॉर्मिस, मैक्रोलेपियोटा डोलिकाउला, गैनोडर्मा लूसिडम, स्ट्रोफारिया रुगोसोएन्युलाटा, मोरचेला* प्रजाति, *इसारिया सिकाडे* तथा *साइक्लोसाइबे एजेरिटा* का सफलतापूर्वक शुद्ध संवर्धन किया गया। सभी संग्रहों के वाउचर नमूनों को भा.कृ.अनु.प.–खुम्ब अनुसंधान निदेशालय, चंबाघाट, सोलन, हिमाचल प्रदेश के हर्बेरियम में सुरक्षित रखा गया है। चयनित पाँच नमूनों का विस्तृत स्थूल एवं सूक्ष्म विश्लेषण नीचे प्रस्तुत किया गया है।

**1- *lqby;y yfjMl*** ¼'kQ-½ E;fjy1909

**LFky fooj.k** टोपी 8 सेमी तक चौड़ी, प्रारंभ में उत्तल तथा आयु बढ़ने पर चपटी, चमकदार, ताम्र–कांस्य से चॉकलेट–भूरे रंग की, तथा स्पर्श या क्षति होने पर नीली पड़ जाती है। निचली सतह छिद्रयुक्त होती हैय छिद्र प्रारंभ में गोलाकार, सघन, लाल–भूरे, नारंगी–लाल से जंग–भूरे रंग के होते हैं। छिद्र नलिकाएँ पीत–नारंगी रंग की होती हैं तथा काटने पर तुरंत नीला–हरा रंग धारण




**Fig. 2.1.1. Fruiting bodies of *Suillellus luridus* in natural habitat**
**fp= 2.1.1- çk–frd vkokl esa *lqbyyl yqjMl* dk Qyfudk;**

obclavate, smooth, stuffed, spongy, orangish with red reticulate pattern throughout, turns bluish green instantly on bruising (Fig. 2.1.1).

**Microscopic Description:** Basidiospores 11-15 × 4.5-6 µm, ellipsoid to fusoid, smooth, guttulate, amyloid. Basidia 25-37 × 8-10 µm, tetrasporic, sterigmata up to 4 µm long. Pileipellis an interwoven trichoderm of cylindrical branched elements up to 5 µm wide. Clamp connections were not observed.

**Collection examined:** Growing solitary, gregariously, or even in small groups, on mossy soil under coniferous forest, Dharon ki dhar, Solan H.P. 8 July 2025.

कर लेती हैं। डंठल 12 सेमी तक लंबा, 3–4 सेमी चौड़ा, उल्टे गदा के आकार, चिकना, भरा हुआ, स्पंजी, नारंगी रंग का होता है, जिस पर संपूर्ण भाग में लाल जालीनुमा पैटर्न पाया जाता है। दबाने या चोट लगने पर यह तुरंत नीला–हरा हो जाता है (चित्र 2.1.1)।

**lw{e fooj.k%** बेसिडियोस्पोर 11–15 × 4.5–6 माइक्रोमीटर, दीर्घवृत्ताकार से धुरीनुमा, चिकने, गुट्टुलेट तथा अमाइलॉइड होते हैं। बेसिडिया 25–37 × 8–10 माइक्रोमीटर, चतुर्स्पोरी, जिनके स्टेरिग्माटा 4 माइक्रोमीटर तक लंबे होते हैं। पाइलिपेलिस परस्पर गुंथी हुई ट्राइकोडर्म संरचना की होती है, जिसमें बेलनाकार एवं शाखायुक्त तत्व 5 माइक्रोमीटर तक चौड़े होते हैं। क्लैम्प कनेक्शन नहीं पाए गए।

**ijh{kr lxg%** काईयुक्त मिट्टी पर, शंकुधारी वनों के नीचे, अकेले, समूहों में अथवा छोटे झुंडों में उगते हुए। धारों की धार, सोलन, हिमाचल प्रदेशय 8 जुलाई 2025।

### 2. *Macrolepiota dolichaula* (Berk. & Broome) Pegler & R.W. Rayner

**Macroscopic Description:** Pileus up to 12 cm wide, convex to finally applanate at maturity, greyish orange with prominent light orange umbo and greyish orange scales over whitish background, pileus scales give granular to powdery appearance in young specimens. Gills free, collariate, crowded, 1.5 cm broad, yellowish white. Stipe central, up to 30 cm long, 1.5 cm broad, 2 cm at the base, creamish, brownish on bruising, pruinose fibrillose, obclavate with distinctly bulbous base, annulus double, persistent, fibrous, movable, whitish, pinkish to brownish on bruising (Fig. 2.1.2).

### 2- *eSØkyfi;kVk Mkfyp,yk* ¼cd- vkj C:e½ ixyj vkj vkj-MCY;- jquj

**LFky fooj.k%** टोपी 12 सेमी तक चौड़ी, प्रारंभ में उत्तल तथा परिपक्वता पर लगभग समतल हो जाती है। इसका रंग धूसर–नारंगी होता है, जिसके मध्य भाग पर हल्का नारंगी उभार स्पष्ट दिखाई देता है तथा श्वेत पृष्ठभूमि पर धूसर–नारंगी रंग की शल्कें उपस्थित रहती हैं। युवा नमूनों में ये शल्कें दानेदार से चूर्णिल स्वरूप प्रदान करती हैं। गलफड़े स्वतंत्र, कॉलरयुक्त, सघन, लगभग 1.5 सेमी चौड़े तथा पीताभ–श्वेत होते हैं। डंठल केंद्रीय, 30 सेमी तक लंबा, लगभग 1.5 सेमी चौड़ा तथा आधार पर 2 सेमी चौड़ा होता है। इसका रंग क्रीमी होता है तथा चोट लगने पर भूरा पड़ जाता है। इसकी सतह प्रुइनोज–फाइब्रिलोज होती है। डंठल उल्टे गदा के आकार का होता है तथा इसका आधार स्पष्ट रूप से कंदयुक्त होता है। वलय द्विस्तरीय, स्थायी, रेशेदार, चलायमान, श्वेत रंग का होता है तथा चोट लगने पर गुलाबी से भूरा हो जाता है (चित्र 2.1.2)।



**Fig. 2.1.2. Fruiting bodies of *Macrolepiota dolichaula* in natural habitat**
**fp= 2-1-2- çk–frd vkokl e *eSØkyfivkVk Mkfyd,yk* d Qyfudk;**

**Microscopic Description:** Basidiospores 9-15 × 6.5-9.5 µm, broadly ellipsoid with rounded apex, germ pore with a hyaline cap, dextrinoid, congophilous. Basidia 25-35 × 9.5-14 µm, clavate, hyaline, granular, tetrasporic, sterigmata up to 4 ìm long. Cheilocystidia few, 21-33 × 5-10 µm in size, pyriform to clavate. Pleurocystidia absent. Pileipellis a trichodermal palisade of cylindrical elements up to 10 µm wide. Clamp connections present.

**Collection examined:** Growing solitary, scattered, or in small caespitose clusters on humicolous soil along roadsides, in pastures, gardens, and grassy fields in subtropical to temperate regions. Collected from Dharon Ki Dhar, Solan, Himachal Pradesh, India, on 8 July 2025.

### 3. *Cyclocybe aegerita* (V. Bring.) Vizzini

**Macroscopic Description:** Pileus up to 10 cm wide, convex to flat, yellowish brown with brown disc, covered with feebly appressed

**lw{e foo.k%** बेसिडियोस्पोर 9–15 × 6.5–9.5 माइक्रोमीटर, चौड़े दीर्घवृत्ताकार तथा गोल शीर्ष वाले होते हैं। इनमें जर्म पोर पर पारदर्शी टोपी उपस्थित होती है। ये डेक्स्ट्रिनॉयड तथा कोंगोफिलस होते हैं। बेसिडिया 25–35 × 9.5–14 माइक्रोमीटर, गदा के आकार, पारदर्शी, कणिकायुक्त, चतुर्स्पोरी होते हैं तथा इनके स्टेरिग्माटा 4 माइक्रोमीटर तक लंबे होते हैं। चीलोसिस्टिडिया कम संख्या में, 21–33 × 5–10 माइक्रोमीटर आकार के, नाशपाती आकार से गदा आकार के होते हैं। प्ल्यूरोसिस्टिडिया अनुपस्थित होते हैं। पाइलिपेलिस बेलनाकार तत्वों से बनी ट्राइकोडर्मल पैलिसेड संरचना की होती है, जिनकी चौड़ाई 10 माइक्रोमीटर तक होती है। क्लैम्प कनेक्शन उपस्थित होते हैं।

**ijh{kr lxg%** ह्यूमसयुक्त मिट्टी पर, सड़क किनारों, चरागाहों, उद्यानों तथा घासयुक्त क्षेत्रों में, उपोष्णकटिबंधीय से समशीतोष्ण क्षेत्रों में अकेले, बिखरे हुए अथवा छोटे सघन गुच्छों में उगते हुए पाए गए। धारों की धार, सोलन, हिमाचल प्रदेश; 8 जुलाई 2025।

### 3- *lkbDykslkbc ,tsfjVk* ¼oh- fcx-½ fofp tuh

**LFkwy foo.k%** टोपी 10 सेमी तक चौड़ी, प्रारंभ में उत्तल तथा बाद में समतल हो जाती है। इसका रंग पीताभ–भूरा होता है तथा मध्य भाग गहरे भूरे रंग का होता है। टोपी की सतह पर हल्की दबी हुई शल्कें उपस्थित रहती हैं तथा



**Fig. 2.1.3. Fruiting bodies of *Cyclocybe aegerita***
**fp= 2-1-3- *lkbDykslkbc ,tsfjVk* dk Qyfudk;**

scales, cracking cap in few specimens; initially margin inrolled. Gills adnate, pinkish white initially, greyish to brownish with age, moderately broad, 0.6 cm broad, edges crenate. Stipe up to 15 cm long, 2 cm broad, pale brown, covered with fibrillose scales, cylindrical, solid, annular veil persistent (Fig. 2.1.3).

**Microscopic Description:** Basidiospores 9-15.5 × 6-9 µm, oblong, ellipsoid, reddish brown, smooth. Basidia 20-45 × 6-8 µm, clavate, thin walled, tetrasporic, sterigmata up to 4 µm long. Pleurocystidia 21-65 × 8-15 µm, clavate to ventricose with rounded to mucronate apices. Cheilocystidia 18-45 × 6-12 µm, cylindrical to lageniform. Pileipellis a hymeniform layer of vesicular to clavate elements, some of them with mucronate apical region, 40 × 22 µm in size. Clamp connections present.

**Collection examined:** Growing in caespitose clusters or gregariously on the dying poplar trees under conifers. CPRI Shimla H.P. 29 Oct, 2025.

### 4. *Ganoderma lucidum* Karst (1881)

**Macroscopic Description:** Fruiting up to 20 cm across, 1.5 cm thick, pileate to stipitate laterally, woody. Upper surface reddish orange to orangish brown, brown, shiny, margin rounded to mild irregular, yellowish white. Under surface poroid, creamy white, pores up to 5 per mm, rounded, tubes up to 8 mm, whitish, changes to brown on bruising or on maturity (Fig. 2.1.4).

**Microscopic Description:** Basidiospores 8-10 × 5-7 µm, ellipsoid, truncate, thick walled, brown. Hyphal system trimitic. Pileipellis a cutis of yellowish brown subcylindrical to

देश की मशरूम विविधता में आने वाली चुनौतियों व अवसरों पर अपने-अपने अनुभवों को साझा करने के लिए देशभर के करीब तीन दर्जन वैज्ञानिक सोलन में जुटेंगे। यह वैज्ञानिक मशरूम सोसाइटी आफ इंडिया द्वारा मशरूम अनुसंधान निदेशालय (डीएमआर) सोलन के सहयोग से आयोजित इंडियन मशरूम कांफ्रेंस का आयोजन डीएमआर सोलन में 7-8 अगस्त को किया जाएगा। मशरूम सोसाइटी आफ इंडिया द्वारा हर 3-वर्ष बाद इंडियन मशरूम कांफ्रेंस का आयोजन किया जाता है। इस मर्तबा इस कांफ्रेंस की थीम 'मशरूम जीव विज्ञान और उत्पाद-वर्तमान स्थिति और भविष्य के रुझान' रखा गया है। कांफ्रेंस में देश की मशरूम विविधता का दस्तावेजीकरण करने के साथ-साथ क्षेत्र के अनुसार विभिन्न प्रकार के मशरूमों को बढ़ावा देने और इससे संबंधित वैज्ञानिक एवं विकासात्मक मुद्दों के समाधान के लिए विचार-विमर्श किया जाएगा। डा. वीपी शर्मा निदेशक मशरूम अनुसंधान निदेशालय सोलन ने बताया कि कांफ्रेंस का उद्देश्य मशरूम विज्ञान पर ज्ञान और विचारों के आदान-प्रदान के लिए मंच प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त अवसरों और चुनौतियों का दस्तावेजीकरण करना और भारतीय मशरूम उद्योग के विकास में तेजी लाना है। सम्मेलन में उद्यमियों, वैज्ञानिकों और मशरूम उत्पादकों के बीच मंथन होगा।

अमर उजाला

शुक्रवार, 8 अगस्त 2025

# सात दिन में तैयार होगी अब मशरूम, नई किस्म ईजाद

## खुंब निदेशालय सोलन में गुलाबी ढींगरी मशरूम में तैयार की नई प्रजाति प्लीयूरोटस जेमोवार

सोमदत्त शर्मा

सोलन। देश में अब मशरूम महज सात दिन में तैयार हो जाएगी। खुंब निदेशालय चंबाघाट के वैज्ञानिकों ने गुलाबी ढींगरी मशरूम की नई प्रजाति ईजाद की है, जो हफ्ते में फसल दे देगी। यह खुलासा मशरूम निदेशालय चंबाघाट में वीरवार को इंडियन मशरूम कॉन्फ्रेंस के दौरान निदेशालय के वैज्ञानिक डॉ. अनिल कुमार ने किया।

कॉन्फ्रेंस में देश से लगभग 151 वैज्ञानिक, विद्यार्थी और मशरूम उत्पादक शामिल हुए। कॉन्फ्रेंस में कई शोध पत्रों पर चर्चा की। वैज्ञानिक डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि गुलाबी ढींगरी की नई किस्म प्लीयूरोटस जेमोवार का सफल शोध हुआ है। इसकी फसल मात्र सात दिन में तैयार हो जाएगी। इसमें कई औषधीय गुण भी हैं। खासतौर पर लोवास्टैटिन नामक एक यौगिक मिला है जो कोलेस्ट्रॉल कम करता है। इससे अब मशरूम उत्पादकों के साथ-साथ इसे खाने के शौकीन लोगों को फायदा मिलेगा। जल्द ही यह किस्म बाजार में उपलब्ध होगी। किसानों को भी इसका बीज मुहैया करवाया जाएगा। संवाद

>> मशरूम की रोगरोधी किस्में हो विकसित, लैड की मात्रा हो कम, पेज 6



गुलाबी ढींगरी मशरूम

एक्सक्लूसिव

### अभी तक लगते हैं 45 से 60 दिन

देश में आमतौर पर मशरूम की कोई भी प्रजाति 45 से 60 दिन में तैयार होती है। हालांकि, बटन मशरूम की कुछ किस्में 40 दिन तक तैयार करने का भी दावा किया जाता है। मगर, ढींगरी मशरूम को तैयार होने में दो माह तक का समय लगता था। पहली बार सात दिन में तैयार होने वाली प्रजाति पर सफल शोध हुआ है।

### कई बीमारियों के लिए रामबाण है ढींगरी मशरूम

: ढींगरी मशरूम को मेडिसिनल मशरूम भी कहा जाता है। यह रक्त में एलडीएल कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम करने में सहायक है। यह विटामिन डी व फाइबर का एक अच्छा स्रोत है। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो सूजन व जलन को कम करने में मदद करता है। कैंसर रोगियों के लिए फायदेमंद है।

### 250 रुपये तक रहते हैं इसके दाम

: ढींगरी मशरूम बटन मशरूम के बाद खाई जाने वाली सबसे ज्यादा मशरूम है। इसके दाम 150 से 250 रुपये किलो तक रहते हैं। ऐसे में इस मशरूम को आम लोग भी खा सकते हैं। इसमें कई किस्में मिलती हैं।

दिव्य हिमाचल

शुक्रवार, 8 अगस्त, 2025

मंथन | सोलन में जुटे विशेषज्ञों ने जताई चिंता; बोले, जागरूकता की कमी से विदेशी बाजारों में गिर रही इंडियन प्रोडक्ट की डिमांड

# भारतीय मशरूम में सीसे की मात्रा ज्यादा!

सौरभ शर्मा — सोलन

भारतीय मशरूम में लेड (सीसा) की अधिक मात्रा की भ्रांति से विदेशी बाजारों में गिरती डिमांड को लेकर विशेषज्ञों ने गहरी चिंता व्यक्त की है। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि यह सब वैज्ञानिक जागरूकता की कमी से हो रहा है और केंद्र सरकार को इसको लेकर प्रभावी मार्केटिंग व जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है, ताकि इस तरह की भ्रांतियों को दूर किया जा सके। इस विषय को लेकर डीएमआर सोलन में गुरुवार से आरंभ हुई इंडियन मशरूम कान्फ्रेंस में देशभर से आए विशेषज्ञों ने खुलकर चर्चा की। इस दो दिवसीय कान्फ्रेंस का आयोजन मशरूम सोसायटी ऑफ इंडिया और डीएमआर सोलन के द्वारा किया जा रहा है, जिसमें देशभर के 150 से अधिक अनुसंधानकर्ता, वैज्ञानिक, मशरूम उत्पादक, उद्यमी व शोधार्थी भाग ले रहे हैं। कान्फ्रेंस में डा. प्रेम लाल गौतम, कुलाधिपति, डा. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, समस्तीपुर (बिहार) ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कान्फ्रेंस में चर्चा की गई कि भारत में मशरूम उत्पादन भले ही बड़े पैमाने पर हो रहा हो, लेकिन इसके निर्यात को लेकर कई चुनौतियां सामने आ रही हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि विदेशी बाजारों विशेषकर अमरीका, इजरायल व मैक्सिको जैसे देशों में भारतीय मशरूम में लेड की अधिक मात्रा को लेकर चिंता जताई जा रही है, जिससे इन देशों में भारतीय मशरूम की डिमांड में गिरावट आ रही है। विशेषज्ञों ने कहा कि इस तरह की भ्रांतियों के पीछे की सबसे बड़ी वजह वैज्ञानिक जागरूकता की कमी है और भारत सरकार को इस दिशा में प्रभावी मार्केटिंग एवं जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है, ताकि विदेशी बाजारों में भारतीय मशरूम को लेकर बनी भ्रांतियों को दूर किया जा सके। इसके अतिरिक्त कान्फ्रेंस में शैल्फ लाइफ बढ़ाने, खेती की लागत को कम करने, बेहतर पैकेजिंग व ब्रांडिंग के क्षेत्र में भी कार्य करने पर जोर दिया गया। चर्चा की गई कि भारत से मुख्य रूप से बटन मशरूम, शिटाके और सीप मशरूम का निर्यात किया जा रहा है, लेकिन इस निर्यात को बढ़ाने के लिए इन क्षेत्रों में कार्य करने की आवश्यकता है। मुख्यातिथि डा. गौतम ने कहा कि आईसीएआर देशभर में मशरूम को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रहा है और यह कृषि में नया आयाम जोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में मशरूम को और बढ़ावा देना है तो इन्फ्रास्ट्रक्चर, क्वालिटी कंट्रोल, मार्केटिंग, मेडिसिनल मशरूम, ट्रेडर्स लिंकिंग, माइंडसेट चेंजिंग, पॉलिसी रिसर्च जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देना होगा। (एचडीएम)



### नंबर वन कैसे बनेगा भारत

कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने इस बात पर भी मंथन शुरू किया कि भारत को मशरूम उत्पादन में विश्व स्तर पर पहले स्थान पर कैसे लाया जा सकता है। फिलहाल, भारत इस क्षेत्र में विश्व में तीसरे स्थान पर है। सम्मेलन में आईसीएआर के नेशनल प्रोफेसर एवं पूर्व डीडीजी (सीएस) डा. टीआर शर्मा, पूर्व एएसआरबी सदस्य डा. पीके चक्रवर्ती, डा. पीएल गौतम, चांसलर, डा. आरपीसीएयू, समस्तीपुर, डीएमआर सोलन के निदेशक डा. वीपी शर्मा, नौणी विवि के कुलपति प्रो. राजेश्वर चंदेल सहित कई गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया।

अमर उजाला

शुक्रवार, 8 अगस्त 2025

आयोजन खुंब अनुसंधान निदेशालय सोलन में दो दिवसीय राष्ट्रीय मशरूम सम्मेलन का शुभारंभ, विशेषज्ञ बोले-

## मशरूम की रोगरोधी किस्में हों विकसित, लेड की मात्रा हो कम

सोलन। खुंब अनुसंधान निदेशालय सोलन में दो दिवसीय राष्ट्रीय मशरूम सम्मेलन का शुभारंभ बीरवार को डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, समस्तीपुर (बिहार) के कुलाधिपति डॉ. पीएल गौतम ने किया। उन्होंने मशरूम की रोग-रोधी किस्में विकसित करने पर जोर दिया।

मशरूम सोसाइटी ऑफ इंडिया और आईसीएआर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन में देशभर के करीब 150 वैज्ञानिक, शोधार्थी व उन्नत मशरूम उत्पादक भाग ले रहे हैं।

सम्मेलन के उद्घाटन पर डॉ. पीएल गौतम ने युवा वैज्ञानिकों को टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि मशरूम की मार्केटिंग, ट्रेडिंग और अवेयरनेस पर काम करना होगा। पर्यावरण बदलाव भी इसके लिए बड़ा चैलेंज बन गया है, जिस पर वैज्ञानिकों को काम करने की जरूरत है। इसके अलावा लोगों के बीच इसकी मेडिशनल वैल्यू को ले जाना होगा। कहा कि रोग-रोधी किस्में विकसित करनी चाहिए। स्थानीय पोषाधार का उपयोग कर कम लागत में अधिक उत्पादन करना और कटाई उपरांत प्रौद्योगिकी एवं मूल्य संवर्धन पर ध्यान देना आवश्यक है।



खुंब अनुसंधान संस्थान में राष्ट्रीय खुंब सम्मेलन में मौजूद मुख्यातिथि व अन्य। संवाद

उन्होंने कहा कि मशरूम के नियमित सेवन से न केवल कुपोषण की समस्या से निपटा जा सकता है, बल्कि कई बीमारियों से भी सुरक्षा मिल सकती है।

एएसआरबी के पूर्व सदस्य डॉ. पीके चक्रवर्ती ने संसाधनों के सीमित और सुरक्षित उपयोग पर बल देते हुए कहा कि भारत में भी अन्य देशों की तरह मशरूम उत्पादन में उपयोग किए जाने वाले रसायनों की अधिकतम अवशेष सीमा निर्धारित की जानी चाहिए। उन्होंने इस बात पर जो दिया कि मशरूम में लेड की मात्रा को कम किए जाने की दिशा में काम होना चाहिए। आईसीएआर के पूर्व डीडीजी (सीएस) डॉ. तिलक राज शर्मा ने मशरूम को अनसंग हीरोज ऑफ इकोनॉमी बताया। नौणी विवि के कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने मशरूम को विटामिन डी का उत्कृष्ट स्रोत बताते हुए इसे दैनिक आहार में शामिल करने की सलाह दी।

राष्ट्रीय खुंब अनुसंधान निदेशालय (डीएमआर) सोलन के निदेशक डॉ. वेद प्रकाश शर्मा ने अतिथियों के स्वागत किया और साथ ही मशरूम पर हुए नवीनतम अनुसंधानों और मशरूम सोसाइटी द्वारा आयोजित विविध गतिविधियों की जानकारी साझा की। उद्घाटन सत्र का संचालन वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनुराधा श्रीवास्तव ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन सोसाइटी के सचिव डॉ. अनिल कुमार ने किया। संवाद

अमर उजाला

शुक्रवार, 22 अगस्त 2025

## छात्रों ने स्कूल में मशरूम तैयार करने की जानी विधि

नालागढ़ (सोलन)। विद्यार्थियों को पर्यावरण से जोड़ने और उन्हें प्रकृति से रू-ब-रू कराने के उद्देश्य से शिवालिक वैली स्कूल के प्रांगण में मशरूम वॉक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरकारी स्कूल बारियां के विद्यार्थियों ने स्कूल का भ्रमण किया। इससे सामुदायिक सहभागिता को भी बढ़ावा मिला।

ईको विज्ञान फाउंडेशन से आए श्रेय ने विद्यार्थियों को मशरूम पहचानने के मूल नियम बताए। उत्साह से भरे बच्चों ने पूरे कैंपस में भ्रमण कियां और यह जानकर आश्चर्यचकित रह गए कि उनके स्कूल परिसर में ही 25 प्रकार की मशरूम प्रजातियां पाई जाती हैं।

विद्यार्थियों को न केवल मशरूम की पहचान करने के तरीके सिखाए गए, बल्कि उन्हें यह भी बताया गया कि किस प्रकार मशरूम को जियो टैग कर वैज्ञानिक ढंग से प्रालेखित किया जा सकता है।

इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां छात्रों के समग्र विकास में सहायक होती हैं। संवाद

दैनिक जागरण

29 अगस्त, 2025

जागरण विशेष

ननमोहन वशिष्ठ • जागरण

## ब्लड शुगर को नियंत्रित रखने में मददगार होगी मिल्की मशरूम

### सोलन स्थित खुंब अनुसंधान निदेशालय ने विकसित की नई किस्म, स्वाद में नहीं रहेगी कड़वाहट

सोलन: ब्लड शुगर को नियंत्रण में रखना चाहते हैं तो मशरूम की नई प्रजाति खोज ली गई है। आपने अब तक कई प्रकार के मशरूम खाए होंगे... कभी आयस्टर, कभी वाइट बटन तो कभी शिटाके मशरूम। सब अच्छी हैं, लेकिन अब आई है मिल्की मशरूम। नाम इसलिए दूधिया है क्योंकि यह वाइट बटन मशरूम से भी सफेद है। यह बिल्कुल कड़वी नहीं है। उत्पादन परंपरागत किस्मों की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक होने की वजह से किसानों के लिए भी लाभकारी है।

सोलन स्थित खुंब अनुसंधान निदेशालय (डीएमआर) के देशभर में स्थित 32 केंद्रों पर तीन वर्ष तक चले परीक्षण के बाद मिल्की मशरूम की डीएमआर-321 किस्म को विकसित करने में सफलता मिली। इसमें कई औषधीय गुण होते हैं। यह प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है। इसमें मौजूद फाइबर और बायोएक्टिव कंपाउंड ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में सहायक होते हैं। यह शाकाहारी लोगों के लिए प्लांट बेस्ड प्रोटीन का बेहतरीन स्रोत है। कोलेस्ट्रोल, मधुमेह व पित्त के रोगों के लिए लाभकारी है। इसका सबसे ज्यादा उत्पादन दक्षिण भारत में होता है, लेकिन अन्य राज्यों में भी इसे उगाया जाता है। इसे एक महीने में तैयार किया जा सकता है।

वैज्ञानिकों ने डीएमआर-321 के अलावा इस वर्ष मिल्की मशरूम की दूसरी नई किस्म डीएमआर मिल्की 299 भी विकसित की है, वह भी अन्य किस्मों की तुलना में अधिक पैदावार देगी।

आठ दिन तक नहीं होती खराब: मिल्की मशरूम की खेती भारत में 30-35 डिग्री सेल्सियस के उच्च तापमान में होती है। अन्य मशरूम की अपेक्षा मिल्की मशरूम सात से आठ दिन तक खराब नहीं होती। इसे तैयार करने में खाद की जरूरत नहीं पड़ती। भूसे में बीज डालकर तैयार किया जाता है। इसका अचार भी बनता है। मांग के अनुसार इसका बीज 15 दिन में तैयार कर उत्पादकों को मुहैया करवा देता है। मालूम हो कि खुंब अनुसंधान निदेशालय के 22 राज्यों में 32 केंद्र हैं, जो विभिन्न मशरूम पर अनुसंधान करते हैं।

### विटामिन सी की प्रचुर मात्रा

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के एग्रो इकोनामिक रिसर्च सेंटर में सीएस वैद्य, एमएल शर्मा और एनके शर्मा ने इस पर अध्ययन किया है। इसके अनुसार एक साधारण 100 ग्राम मशरूम में विटामिन सी 8.60 मिलीग्राम जबकि विटामिन बी 3 या नाइसिन 5.85 मिलीग्राम होता है। नाइसिन भोजन को ऊर्जा में बदलता है। मशरूम उत्पादन में चीन व जापान के बाद भारत विश्व में तीसरा स्थान रखता है। अनुमान है कि अगले दो वर्षों में जापान को पीछे छोड़ देगा।



मशरूम की नई किस्म मिल्की 321 ● सौजन्य: डीएमआर

मिल्की मशरूम की डीएमआर-321 किस्म विकसित की है। यह स्वदेशी मशरूम है, जो भारत में ही पाई जाती है। अन्य मशरूमों से यह ज्यादा लाभकारी है। 30-35 डिग्री सेल्सियस तापमान पर इसे पैदा किया जाता है। बगैर खाद के सिर्फ भूसे में इसे उगाया जाता है।



डा. वीपी शर्मा, निदेशक आइसीएआर-डीएमआर

हमने मिल्की मशरूम की दो नई किस्में डीएमआर मिल्की 299 व डीएमआर मिल्की 321 विकसित की हैं। दोनों ही किस्में 10 प्रतिशत से अधिक उपज देंगी। मिल्की 321 खाने में भी कड़वाहट नहीं देगी। तीन साल तक चले शोध के बाद यह किस्म जारी की गई है।



डा. मनोज नाथ, विज्ञानी डीएमआर सोलन

अतिरिक्त सामग्री पढ़ने के लिए स्कैन करें।

अमर उजाला
शिमला | बुधवार, 17 सितंबर 2025

तैयारी

पहली बार खुंब निदेशालय मशरूम उत्पादकों को देगा टर्की टेल की तकनीक, अभी निदेशालय ही कर रहा तैयार

# शिटाके के बाद टर्की टेल मशरूम किसानों को करेगी मालामाल

ललित कश्यप



एक्सक्लूसिव

सोलन। शिटाके के बाद अब टर्की टेल मशरूम उगाकर उत्पादकों को मालामाल करेगी। पहली बार खुंब अनुसंधान निदेशालय सोलन टर्की टेल उगाने की तकनीक उत्पादकों को देगा। इसे निदेशालाय 30 सितंबर को होने वाले राष्ट्रीय खुंब मेले में भी प्रदर्शित करेगा।

अभी तक निदेशालय ही इस मशरूम को तैयार कर रहा है। इस मशरूम की कीमत बाजार में 20,000 रुपये प्रति किलो तक रहती है। सेहत के लिए यह रामवाण मानी जाती है। इस मशरूम की खात बात यह है कि यह स्तन, फेफड़े, प्रोस्टेट और कोलोरेक्टल कैंसर को रोकने में सहायक होती है। निदेशालय ने हाल ही इस पर सफल शोध किया है। इसे लकड़ी पर उगाने का सफल प्रशिक्षण किया है। इसमें इसकी क्रॉप भी अच्छी आई है।

**20** हजार प्रतिकिलो है कीमत, कैंसर मरीजों के लिए रामबाण

इसमें एंटी बैक्टीरियल के साथ-साथ एंटीऑक्सीडेंट गुण भी हैं। इसके सेवन से कैंसर रोगी को कीमोथैरेपी के कारण होने वाली कमजोरी दूर होगी और वह काफी जल्दी रिकवर होगा। अभी तक यह मशरूम चीन और जापान में उगाई जा रही थी। पहले टर्की टेल मशरूम को उगाने के लिए गेहूं के भूसे से बनी खाद का प्रयोग किया गया था, जिसमें भी सफलता मिली थी। इसके बाद बाद पिछले दो वर्षो से लकड़ी के बुरादे पर इसे तैयार करने का शोध किया जा रहा था। इसमें पहले से अधिक उत्पादन हुआ है। एक बैग से चार फ्लैश (तुड़ान) निकले हैं। औषधीय मशरूम होने से इसकी बाजार में अच्छी मांग है। यह मशरूम सुखाकर बेची जाती है। अभी तक यह मशरूम जंगलों में प्राकृतिक रूप से पेड़ों के ठूंठ पर उगती है। संवाद

## उत्पादकों को दे रहे प्रशिक्षण



खुंब अनुसंधान एवं निदेशालय के निदेशक डॉ. वीपी शर्मा ने बताया कि उत्पादकों का औषधीय मशरूम की ओर से रुझान बढ़ रहा है। अब टर्की टेल मशरूम को तैयार करने में निदेशालय ने सफलता हासिल की है। इस मशरूम में कई औषधीय गुण हैं। राष्ट्रीय मशरूम मेले के दौरान भी लोगों को इसकी गुणवत्ता और उगाने की तकनीक के बारे में भी बताया जाएगा।

अमर उजाला
गुरुवार, 5 सितंबर 2025

# भारी बारिश के चलते दस नहीं, तीस सितंबर को सजेगा राष्ट्रीय मशरूम मेला

25 राज्यों से एक हजार से अधिक मशरूम उत्पादक और वैज्ञानिक लेंगे भाग

संवाद न्यूज एजेंसी

सोलन। खुंब निदेशालय (डीएमआर) सोलन में 10 सितंबर को आयोजित होने वाला राष्ट्रीय मशरूम मेला इस बार 30 सितंबर को होगा। यह निर्णय बिहार प्रदेश समेत अन्य राज्यों में भारी बारिश और इससे हो रहे नुकसान को देखते हुए लिया गया। मेले को लेकर डीएमआर ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। मेले में देश भर के 25 राज्यों से एक हजार से अधिक मशरूम उत्पादक और वैज्ञानिक भाग लेंगे। देश भर से चयनित प्रगतिशील छह उत्पादकों को भी सम्मानित किया जाएगा।

मेले के दौरान पहली बार तैयार की गई पुड़ी मशरूम की तकनीक को छेत्रों के साथ साझा किया जाएगा। इस मशरूम की प्रजाति भी लगाई जाएगी। मेले के दौरान हिमाचल प्रदेश में कच्चा माल खत्म होने से भट्ट रही मशरूम पैदावार पर भी चर्चा कर इसके लिए रैकमेंडेशन रा भी जारी की जाएगी। जानकारी के अनुसार खुंब

### पहली बार पुड़ी मशरूम की तकनीक को भी किसानों के साथ करेंगे साझा

### देश भर से चयनित प्रगतिशील छह उत्पादकों को भी किया जाएगा सम्मानित

केंद्र वर्ष 1996 से मनाया जा रहा है। इस दौरान प्रेमेले को मशरूम तैयार करने में आ रही समस्याओं सहित मशरूम से लगने वाले रोगों पर चर्चा की जाती है। देश भर में हर वर्ष 3210 मीट्रिक टन मशरूम तैयार की जाती है। जिसमें करीब पांच लाख से अधिक का कारोबार होता है। अकेले हिमाचल में ही 15 हजार टन मशरूम से करीब दो करोड़ का कारोबार होता है।

उधर, खुंब अनुसंधान एवं निदेशालय के निदेशक डॉ वीपी शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीयस्तरीय मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस बार मेला 30 सितंबर आयोजित किया जाएगा। इसमें देश भर से आए छेत्री मशरूम

### युवाओं को दिया जाएगा मशरूम उगाने का निशुल्क प्रशिक्षण

सोलन। पुड़ी आरोही सोलन जिला के युवाओं को निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करेगा। इसके लिए इस वह दस दिवसीय विशेष आवासीय किया जाएगा। इसमें पहले आवेदन करने वाले करीब 35 युवाओं को इसमें भाग लेने का मौका मिलेगा।

इसके लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। पुड़ी आरोही सोलन की निदेशक मीनू बाला ने बताया कि इसमें आधार, मशरूम केक, मशरूम बैंडी, मशरूम ज्वार बिस्कुट जिला सोलन से संबंध रखने वाले इच्छुक प्रशिक्षणी जिनकी आयु 18 वर्ष से 50 वर्ष के बीच है वे इस प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण पूर्णतया निशुल्क रहेगा साथ में प्रशिक्षण समयी प्रशिक्षण के दौरान ठहरने, भोजन व चाय की व्यवस्था द्वारा निशुल्क प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत भारत सरकार द्वारा सामग्री प्रथम प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा। संवा

सभी जो तकनीक सहित अन्य विषयों की जानकारी प्रदान की जाएगी। मेले के दौरान पुड़ी, मिलेटस, ईसेलिया, मिटाके, ऑटर मशरूम सहित मशरूम से तैयार खाद्य पदार्थों की प्रदर्शनी भी लगेगी।

विशेष आकर्षण- मशरूम केक, मशरूम बैंडी, मशरूम ज्वार बिस्कुट

समेत अन्य मशरूम के मूल्य संवर्धित उत्पाद शामिल रहेंगे। इसके अलावा पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तीसगढ़, तमिलनाडु, हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, गोवा प्रदेश, ओडिशा, गुजरात, पांडिचेरी, जम्मू व कश्मीर, चंडीगढ़ सहित अन्य राज्यों के किसान भी मेले में भाग लेंगे।

दैनिक जागरण
चंडीगढ़, 1 अक्टूबर, 2025

# सोलन में अब हर साल 30 सितंबर को मनाया जाएगा राष्ट्रीय मशरूम मेला

संवाद सहयोगी, जागरण • सोलन : मशरूम अनुसंधान निदेशालय (डीएमआर) सोलन में हर साल 10 सितंबर को होने वाला राष्ट्रीय मशरूम मेला अब 30 सितंबर को मनाया जाएगा। यह जानकारी डीएमआर सोलन के निदेशक डा. वीपी शर्मा ने 28वें राष्ट्रीय मशरूम मेले के दौरान देशभर से आए मशरूम उत्पादकों को दी।

मेले में मशरूम उत्पादकों ने लगभग 30 स्टाल लगाए, जिसमें ज्यादातर स्टाल औषधीय कार्डिसेप्स मशरूम के थे। उन्होंने कहा, अभी तक डीएमआर से 32 से अधिक विभिन्न मशरूम की किस्में विकसित की जा चुकी हैं। निदेशालय में इसकी तकनीक उत्पादकों को मुहैया करवाई जाती है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के बागबानी विज्ञान के सहायक महानिदेशक डा.



डीएमआर सोलन में प्रगतिशील उत्पादकों को सम्मानित करने के बाद मुख्य अतिथि • जागरण

सुधाकर पांडेय ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। पुणे महाराष्ट्र से विशेष अतिथि युवा उद्यमी स्नेहल माने ने मशरूम को उगाने एवं कैफे के माध्यम से उत्पाद मार्केट में उपलब्ध करवाने पर प्रस्तुति दी।

इस मौके पर देश के सात मशरूम उत्पादकों को प्रगतिशील मशरूम उत्पादक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इनमें पुणे (महाराष्ट्र) के उमेश गौतम माने, असम के अमर चंगमई, मणिपुर के इम्फाल के अरिबम भूपेन शर्मा, शिमला के मोहित शर्मा, दिल्ली के मालिकपुर के ओमप्रकाश डागर, संगरूर के सोहन सिंह सहित अन्य को सम्मानित किया गया।

निदेशालय द्वारा प्रकाशित तीन पुस्तकों का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम में 14 राज्यों व दो केंद्र शासित राज्यों के 500 से अधिक किसानों, उद्यमियों एवं विद्यार्थियों ने कृषक संवाद में भाग लिया। मेले में आस्ट्रेलिया व इंग्लैंड से भी लोग पहुंचे।

## मशरूम उत्पादन में शीर्ष पर रहने वाला हिमाचल पिछड़ा

मनमोहन वतिष्ठ • जागरण

सोलन : कभी मशरूम उत्पादन में देशभर में शीर्ष पर रहने वाला हिमाचल अब अन्य राज्यों की तुलना में काफी पिछड़ गया है। वह भी तब जब यहां पर देश का एकमात्र मशरूम अनुसंधान निदेशालय (डीएमआर) सोलन जिला मुख्यालय के चंबाघाट में स्थित है। डीएमआर से ही देशभर के उत्पादक उत्पादन की बारीकियां सीखकर मशरूम उत्पादन में बुलंदियां छू रहे हैं।

वर्ष 2015 से 2024 के दौरान मशरूम का उत्पादन 1.29 लाख टन से बढ़कर 4.04 लाख टन हो गया है। इसके लिए 10.1 लाख टन कृषि अवशेष का उपयोग हुआ और 20.20 लाख टन अपशिष्ट खाद भी तैयार हुई। मशरूम उत्पादन के मामले में ओडिशा 13 प्रतिशत के हिसाब से 47 हजार टन मशरूम उत्पादन के साथ देशभर में पहले स्थान पर है।

43 हजार टन मशरूम उत्पादन के साथ बिहार राज्य दूसरे जबकि 37 हजार टन उत्पादन के साथ छत्तीसगढ़ तीसरे स्थान पर है। उत्तर प्रदेश 10, महाराष्ट्र नौ, उत्तराखंड आठ, हरियाणा, हिमाचल व राजस्थान छह, पंजाब व तमिलनाडु पांच, गुजरात चार, बंगाल तीन और गोवा व झारखंड दो प्रतिशत मशरूम उत्पादन कर रहे हैं। डीएमआर सोलन के जीन बैंक में अभी तक 4308 मशरूम जर्मप्लाजम का संग्रह है। 26 राज्यों में डीएमआर के 32 केंद्र संचालित हैं। डीएमआर अभी तक बटन, शिटाके, पैडी स्ट्रा, मिल्की सहित मशरूम की 32 किस्मों को रिलीज कर चुका है। 35 मशरूम आधारित उत्पाद विकसित किए हैं, जैसे मशरूम मल्टीग्रेन ब्रेड, मिलेट मशरूम कुकीज, मिलेट मशरूम न्यूट्रीबार, मशरूम हेल्थ ड्रिंक पाउडर आदि। डीएमआर में वर्ष 2015-24 के दौरान 26 मशरूम की खेती हुई।

अत्यधिक कीमत वाली गुच्छी मशरूम की खेती करने में सफलता प्राप्त की गई। इसके अलावा हिरेशियम, शीजोफाइलम, ग्रीफोला सहित अन्य औषधीय मशरूम के लिए खेती की तकनीक विकसित की गई है।

दिव्य हिमाचल

मंगलवार, 11 नवंबर ; 2025

# डा. बीएल अत्री और डा. जेसी आनंद गोल्ड मेडल से सम्मानित

स्टाफ रिपोर्टर-सोलन



खुंब अनुसंधान निदेशालय (डीएमआर) सोलन के प्रधान वैज्ञानिक व कार्यकारी निदेशक डा. बृज लाल अत्री को भारतीय बागबानी कांग्रेस में डा. जेसी आनंद गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह मेडल बागवानी फसलों की कटाई उपरांत प्रौद्योगिकी में उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया। सम्मान समारोह का आयोजन भारतीय बागवानी विज्ञान अकादमी नई दिल्ली द्वारा बेंगलुरू में किया गया। डा. अत्री पिछले लगभग 30 वर्षों से फलों, सब्जियों व फूलों के रखरखाव एवं मूल्य संवर्धन पर कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में मशरूम की भंडारण अवधि बढ़ाने व उत्तोत्पाद विकसित करने में कार्यरत हैं। सोलन के चंबाघाट स्थित खुंब अनुसंधान निदेशालय में कार्यरत प्रधान वैज्ञानिक एवं कार्यकारी निदेशक डा. बृज लाल अत्री लंबे अरसे से बागवानी व मशरूम को लेकर कार्य कर रहे हैं। उनके मेडल हासिल करने पर डीएमआर सोलन परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

अमर उजाला

शिमला | मंगलवार, 11 नवंबर 2025

सम्मान

चंबाघाट खुंब अनुसंधान निदेशालय के प्रधान वैज्ञानिक एवं कार्यकारी निदेशक हैं डॉ. अत्री

# डॉ. बृज लाल अत्री को गोल्ड मेडल से किया सम्मानित

संवाद न्यूज एजेंसी



डॉ. बृज लाल अत्री को सम्मानित करते हुए। फोटो: संस्थान

सोलन। चंबाघाट स्थित खुंब अनुसंधान निदेशालय (डीएमआर) के प्रधान वैज्ञानिक एवं कार्यकारी निदेशक डॉ. बृज लाल अत्री को प्रतिष्ठित डॉ. जेसी आनंद गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया है।

उन्हें यह पुरस्कार बागवानी फसलों की कटाई उपरांत प्रौद्योगिकी में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया है। यह सम्मान उन्हें भारतीय बागवानी विज्ञान अकादमी नई दिल्ली की ओर से बेंगलुरु में आयोजित चार दिवसीय भारतीय बागवानी कांग्रेस में प्रदान किया गया।

डॉ. अत्री पिछले लगभग 30 वर्षों से फल, सब्जियां और फूलों के रखरखाव और मूल्य संवर्धन पर महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में डॉ. अत्री मशरूम की भंडारण अवधि बढ़ाने और उसके उत्कृष्ट उत्पाद विकसित करने पर सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। वह खासकर बटन मशरूम सहित अन्य मशरूम की शेल्फ लाइफ बढ़ाने और मशरूम को सुखाकर उसके भंडारण की तकनीक पर काम कर रहे हैं।

**30 साल से फल, सब्जियां फूलों के रखरखाव और मूल्य संवर्धन पर कर रहे काम**

डॉ. अत्री की इस उपलब्धि पर खुंब अनुसंधान निदेशालय (डीएमआर) के सभी वैज्ञानिकों ने उन्हें बधाई दी है।

अमर उजाला

शिमला | शुक्रवार, 14 नवंबर 2025

सफलता

डीएमआर के वैज्ञानिकों के साथ मिलकर जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल में तैयार कर रहे गुच्छी

# अब ग्रीन हाउस में उगेगी गुच्छी; तीन राज्यों में होगा ट्रायल, बीज तैयार

ललित कश्यप

**रामबाण हैं गुच्छी**



सोलन। औषधीय गुणों से भरपूर गुच्छी अब जंगलों में ही नहीं, ग्रीन हाउस में भी तैयार होगी। खुंब अनुसंधान निदेशालय (डीएमआर) सोलन ने जंगलों में पाई जाने वाली दुर्लभ गुच्छी मशरूम का बीज तैयार करने में सफलता हासिल कर ली है।

अब इस बीज को ट्रेय के तौर पर दिया गया है। इसमें जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल के चयनित उत्पादकों के साथ एमओयू भी किया गया है। डीएमआर के वैज्ञानिकों के साथ मिलकर किसानों ने इस पर कार्य शुरू कर दिया है। सफलता मिलने के बाद सभी उत्पादकों को बीज के साथ इसका प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। निदेशालय को वर्ष 2020 से 2024 के बीच ग्रीन हाउस में गुच्छी तैयार करने में सफलता मिल चुकी है। तैयार गुच्छी की गुणवत्ता प्राकृतिक गुच्छी के समान है।

**एक्सक्लूसिव**

पिछले वर्ष किए गए अंतिम शोध में गुच्छी (मोर्किला) की बेहतर फसल निकली थी। इसके बाद गुच्छी के आकार और बीज को और बेहतर बनाने के लिए दोबारा से शोध शुरू किया गया था। इसमें भी सफलता मिली है। जानकारी के अनुसार इसमें गुच्छी में प्राकृतिक तौर पर गुच्छी उगती है। डीएमआर के विशेषज्ञ डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि अभी तक गुच्छी करीब साढ़े छह हजार फीट से अधिक की ऊंचाई में देवदार, कायल आदि के जंगलों में प्राकृतिक रूप से उगती है। इसे खेतों में उगाना संभव नहीं था, क्योंकि इसका बीज विकसित नहीं किया जा सका था। लेकिन, अब डीएमआर ने इसमें कामयाबी हासिल की है। बीज का सफल शोध रहा है। शेष

दिव्य हिमाचल

, बुधवार, 3 दिसंबर, 2025

# किसान 'शिटाके' मशरूम के उत्पादन पर करें फोकस

निजी संवाददाता-सोलन

- सोलन में राष्ट्रीय खुंब अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक की अपील

राष्ट्रीय खुंब अनुसंधान केंद्र, सोलन के सीनियर साइंटिस्ट अनिल कुमार ने कहा कि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि किसान बड़े पैमाने पर शिटाके की उत्पादन तकनीक अपनाएं, तो भारत न केवल अपनी घरेलू मांग पूरी कर सकता है बल्कि वैश्विक बाजार में भी मजबूत पहचान बना सकता है। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में शिटाके की भारी मांग है, जबकि भारत में इसकी खेती अभी सीमित स्तर पर ही हो रही है। अनिल कुमार के अनुसार, शिटाके की खेती मुख्य रूप से लकड़ी के बुरादे पर की जाती है। राष्ट्रीय खुंब अनुसंधान केंद्र ने किसानों के लिए एक नई और प्रभावी तकनीक विकसित की है, जिसे 'शॉर्ट ड्यूरेशन कल्टीवेशन टेक्नोलॉजी' के नाम से जाना जाता है। यह तकनीक पेटेंट प्राप्त है और पारंपरिक विधि की तुलना में काफी तेज है। इसके माध्यम से मात्र 45 से 50 दिनों में शिटाके मशरूम की अच्छी पैदावार ली जा सकती है, जबकि पारंपरिक विधि में यह प्रक्रिया कई महीनों तक चलती है। अनुसंधान केंद्र यह तकनीक एमओयू के जरिए किसानों तक पहुंचा रहा है, जिससे स्थानीय किसानों को कम समय में अधिक लाभ कमाने का अवसर मिल रहा है।

दिव्य हिमाचल

शुक्रवार, 12 दिसंबर, 2025

# कैंसर भगाएगा सोलन का टर्की टेल मशरूम

## राष्ट्रीय खुंब अनुसंधान केंद्र ने विकसित की उन्नत खेती की तकनीक

निजी संवाददाता – सोलन

राष्ट्रीय खुंब अनुसंधान केंद्र सोलन ने टर्की टेल मशरूम की उन्नत खेती तकनीक विकसित कर प्रदेश के किसानों के लिए नई संभावनाओं का मार्ग खोला है। राष्ट्रीय खुंब अनुसंधान केंद्र सोलन ने टर्की टेल मशरूम की नियंत्रित खेती की नई तकनीक विकसित की है। केंद्र की जैवरसायन वैज्ञानिक डा. रितु के अनुसार यह मशरूम सामान्य तौर पर जंगलों में पेड़ों की सूखी टहनियों पर उगता है और एशिया, यूरोप तथा उत्तरी अमरीका के कई हिस्सों में मिलता है। इसकी जंगलों में सीमित उपलब्धता के कारण बड़े पैमाने पर उत्पादन हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा, लेकिन अब संस्थान द्वारा विकसित तकनीक किसानों के लिए इसे नई फसल के रूप में अपनाने का अवसर प्रदान करेगी। नई तकनीक के अंतर्गत टर्की टेल मशरूम को बुरादा माध्यम पर उगाया जा सकता है। सफल उत्पादन के लिए तापमान



का संतुलन अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। बीज फैलाव की अवस्था में 23 से 25 डिग्री तापमान और फलन अवस्था में 18 से 20 डिग्री तापमान आदर्श बताया गया है। कई अध्ययनों में इसके अर्क को कैंसर और मधुमेह से जुड़ी थकान और रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार करने में सहायक पाया गया है। यही कारण है कि यह मशरूम सामान्य भोजन की तरह उपयोग नहीं होता, बल्कि दवाइयों, हर्बल अर्क, कैप्सूल और स्वास्थ्यवर्धक उत्पादों में प्रयोग किया जाता है। शुरुआत में इस मशरूम को उगाने के लिए गेहूं के भूसे से बनी खाद का प्रयोग किया गया था और उसमें सफलता

- किसानों के लिए फसल के रूप में खुला नया अवसर

मिली। गत दो वर्षों से वैज्ञानिक इसे लकड़ी के बुरादे पर उगाने का शोध कर रहे थे, जिसमें पहले से अधिक उत्पादन मिला। एक बैग से चार बार फसल (तुड़ान) निकाली जा सकती है। यह मशरूम सुखाकर बेची जाती है और बाजार में इसकी भारी मांग है। इसमें एंटी-बैक्टीरियल और एंटीऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। खासतौर पर यह स्तन, फेफड़े, प्रोस्टेट और कोलोरेक्टल कैंसर की रोकथाम में सहायक है।

अमर उजाला

बुधवार, 31 दिसंबर 2025

# अधिकारियों-कर्मचारियों ने लिया स्वच्छता का संकल्प

सोलन। चंबाघाट स्थित खुंब अनुसंधान एवं निदेशालय में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सफाई अभियान और जागरूकता कार्यक्रमों की धूम रही।

कार्यकारी निदेशक डॉ. बृज लाल अत्री की अध्यक्षता में आयोजित इस अभियान में वैज्ञानिकों और कर्मचारियों ने श्रमदान कर परिसर को चकाचक किया। 16 से 31 दिसंबर 2025 तक चलने वाले इस पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ भारत मिशन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। पखवाड़े का आगाज स्वच्छता शपथ के साथ हुआ, जिसमें सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने कार्यस्थल और सार्वजनिक स्थानों को साफ रखने की शपथ ली। इस दौरान न केवल कार्यालय की सफाई की गई, बल्कि वर्षों पुराने बेकार रिकॉर्ड का निस्तारण कर जगह खाली की गई। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए ग्रीन प्लांटेशन अभियान भी चलाया गया। निदेशालय ने इस अभियान को केवल कार्यालय तक सीमित न रखकर सामुदायिक भागीदारी में बदल दिया। इसके तहत स्कूलों में चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के जरिये बच्चों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया गया। संवाद

# Annexure - 1
# अनुबंध - 1

## Personnel of ICAR-DMR, Solan
## आईसीएआर-डीएमआर, सोलन के कार्मिक

### Cadre Strength of Scientific Staff of ICAR-DMR, Solan as on 31-12-2025
### Hkk—vuq-i-&[kEc vuqlU/kku fun'kky;] lkyu dk oKkfud deZpkfj;ksa dh dSMj lajpuk fnukad 31-12-2025 rd

| Name of the discipline | Pay band and level | Sanctioned strength | Scientist | | | Sr.Scientist | | | Principal Scientist | | | Total | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | In position | Vacant | Total | In position | Vacant | Total | In position | Vacant | Total | In position | Vacant | Total |
| Agricultural Biotechnology | 57700-182400 (L-10)<br>79800-211500 (L-12) | 1 Scientist<br>1 Sr. Scientist | - | 1 | 1 | 1 | - | 1 | - | - | - | 1 | 1 | 2 |
| Agricultural Economics | 57700-182400 (L-10) | 1 Scientist | 1 | - | 1 | - | - | - | - | - | - | 1 | - | 1 |
| Agricultural Entomology | 57700-182400 (L-10) | 1 Scientist | 1 | - | 1 | - | - | — | - | - | - | 1 | - | 1 |
| Agril. Extension | 57700-182400 (L-10) | 1 Scientist | - | 1 | 1 | - | - | - | - | - | - | - | 1 | 1 |
| Agrl. Engg. (ASPE) | 57700-182400 (L-10) | 1 Scientist | 1 | - | 1 | - | - | - | - | - | - | 1 | - | 1 |
| Economic botany & PGR | 57700-182400 (L-10) | 1 Scientist | 1 | - | 1 | - | - | - | - | - | - | 1 | - | 1 |
| Food Technology | 57700-182400 (L-10) | 1 Scientist | 1 | - | 1 | - | - | - | - | - | - | 1 | - | 1 |
| Fruit Science | 144200-218200 (L-14) | 1 Pri. Scientist | - | - | - | - | - | - | 1 | - | 1 | 1 | - | 1 |
| Genetics & Plant breeding | 57700-182400 (L-10) | 2 Scientists | - | 2 | 2 | - | - | - | - | - | - | - | 2 | 2 |
| Plant Biochemistry | 57700-182400 (L-10) | 1 Scientist | 1 | - | 1 | - | - | - | - | - | - | 1 | - | 1 |
| Plant Pathology | 57700-182400 (L-10)<br>79800-211500 (L-12)<br>144200-218200 (L-14) | 1 Scientist<br>3 Sr. Scientist<br>1 Pri. Scientist | 1 | - | 1 | 2 | 1 | 3 | - | 1 | 1 | 3 | 2 | 5 |
| Soil Science | 57700-182400 (L-10) | 1 Scientist | 1 | - | 1 | - | - | - | - | - | - | 1 | - | 1 |
| **G. Total** | | **18 posts** | **8** | **4** | **12** | **3** | **1** | **4** | **1** | **1** | **2** | **12** | **6** | **18** |

## Cadre Strength of Technical, Administrative and Supporting Category as on 31-12-2025
## 31-12-2025 dh fLFkfr d vuqlkj rduhdh] çklfud vkj lgk;d Js.kh dh dsMj lwph

| SN | Designation | Pay band and Level | Sanctioned posts | In position posts | Vacant posts | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **TECHNICAL POSTS** | | | | |
| 1 | T-3 | 29200-92300 (L-5) | 4 | 2 | 2 | 4 |
| 2 | T-1 | 21700-69100 (L-3) | 7 | 6 | 1 | 7 |
| | | **GRAND TOTAL** | **11** | **8** | **3** | **11** |
| | | **ADMINISTRATIVE POSTS** | | | | |
| 1 | Administrative Officer | 56100-177500 (L-10) | 1 | 1 | - | 1 |
| 2 | Fin. & A/Cs Officer | 56100-177500 (L-10) | 1 | 1 (SF & AO) | - | 1 |
| 3 | Private Secretary | 47600-151100 (L-8) | 1 | 1 | - | 1 |
| 4 | Asstt.Admn.Officer | 44900-142400 (L-7) | 1 | 1 | - | 1 |
| 5 | Assistant | 35400-112400 (L-6) | 4 | 2 | 2 | 4 |
| 6 | Personal Assistant | 35400-112400 (L-7) | 2 | 1 | 1 | 2 |
| 7 | UDC | 25500-81100 (L-4) | 2 | 2 | - | 2 |
| 8 | LDC | 19900-63200 (L-2) | 2 | 2 | - | 2 |
| | | **GRAND TOTAL** | **14** | **11** | **3** | **14** |
| | | **SKILLED SUPPORT STAFF** | | | | |
| 1 | Skilled Support Staff | 18000-56900 (L-1) | **5** | **0** | **5** | **5** |

## Staff in position at ICAR-DMR, Solan (H.P.) as on 31.12.2025
## vkbZlh,vkj&Mh,evkj] lkyu ¼,p-ih-½ esa 31-12-2025 dh fLFkfr dk vuqlkj dk;jr deZpkjh

| Name | Designation | Email ID Official |
|---|---|---|
| **Scientific staff** | | |
| Dr. B. L. Attri | Acting Director | BL.Attri@icar.org.in |
| Dr. Satish Kumar | Principal Scientist | Satish.Kumar6@icar.org.in |
| Dr. Shwet Kamal | Principal Scientist | Shwet.Kamal@icar.org.in |
| Dr. Anil Kumar | Senior Scientist | Anil.Kumar14@icar.org.in |
| Dr. Manoj Nath | Senior Scientist | manoj.nath@icar.org.in |
| Dr. Pramesh D | Senior Scientist | pramesh.d@icar.org.in |
| Dr. Anuradha Srivastava | Senior Scientist | Anuradha.Srivastava@icar.org.in |
| Dr. Reetu | Scientist SS | reetu@icar.org.in |
| Dr. Anarase Dattatray Arjun | Scientist | anarase.arjun@icar.org.in |
| Dr. Shweta Bijla | Scientist | shweta.bijla@icar.org.in |
| Dr. Jagdish Goyanka | Scientist | Jagdish.goyanka@icar.org.in |
| Dr. Manisha Negi | Scientist | manisha.negi@icar.org.in |

| Name | Designation | Email ID Official |
|---|---|---|
| **Administrative staff** | | |
| Ms. Harnoor Kaur | Admin. Officer | harnoor.kaur@icar.org.in |
| Sh. Chander Prakash | Sr. F&AO | chander.prakash@icar.org.in |
| Smt. Sunila Thakur | Private Secretary | Sunila.Thakur@icar.org.in |
| Sh. Deep Kumar Thakur | Personal Assistant | Deep.Thakur@icar.org.in |
| Sh. Satinder Thakur | Assistant | Satender.Thakur@icar.org.in |
| Sh. Dharam Dass | UDC | Dharam.Dass@icar.org.in |
| Smt. Shashi Poonam | UDC | Shashi.Poonam@icar.org.in |
| Sh. Roshan Lal Negi | LDC | Roshan.Negi@icar.org.in |
| Sh. Sanjeev Sharma | LDC | Sanjeev.Sharma2@icar.org.in |
| **Technical staff** | | |
| Smt. Reeta Bhatia | Chief Tech. Officer | Reeta.Bhatia@icar.org.in |
| Smt. Shailja Verma | Chief Tech. Officer | Shailja.Verma@icar.org.in |
| Sh. Deepak Sharma | Sr. Tec. Officer | depsun.icar@gov.in |
| Sh. Guler Singh Rana | Tec. Officer | Guler.Rana@icar.org.in |
| Sh. Jeet Ram | Tec. Officer | Jeet.Ram@icar.org.in |
| Sh. Ram Lal | Tec. Officer | Ramlal@icar.org.in |
| Sh. Lucky Rana | Technician (T-1) | lucky.rana@icar.org.in |
| Sh. Vinay Sharma | Technician (T-1) | vinay.sharma@icar.org.in |
| **Skilled supporting staff : NIL** | | |

# Annexure - 2
# STAFF NEWS
# अनुबंध - 2
# कर्मचारी समाचार

## Joining

1. Sh. C.P. Sharma joined this Directorate as Sr. Finance & Accounts Officer w.e.f. 01.01.2025 (FN).

2. Sh. Lucky Rana joined this Directorate as Technician (T-1) w.e.f. 28.01.2025.

3. Dr. Manoj Nath joined this Directorate as Sr. Scientist (Agricultural Biotechnology) w.e.f. 13.05.2025 (FN).

4. Dr. Pramesh D joined this Directorate as Sr. Scientist (Plant Pathology) w.e.f. 05.06.2025 (AN).

5. Dr. Manisha Negi joined this Directorate as Scientist (Soil Science) w.e.f. 27.10.2025 (FN).

## MACP

1. Sh. Dharam Dass, UDC granted Modified Assured Career Progression Scheme in the next higher level– 6 w.e.f. 02.02.2025.

2. Smt. Shashi Poonam, UDC granted Modified Assured Career Progression Scheme in the next higher level– 6 w.e.f. 09.02.2025.

## Retirement

1. Dr. Sushil Kumar, Chief Technical Officer, superannuated from this Directorate on 31.03.2025 (AN).

2. Sh. Bhim Singh, Assistant, superannuated from this Directorate on 31.03.2025 (AN).

## dk;Hkkj xg.k

1. श्री सी.पी. शर्मा ने इस निदेशालय में वरिष्ठ वित्त एवं लेखा अधिकारी के पद पर दिनांक 01.01.2025 (पूर्वाह्न) से कार्यभार ग्रहण किया।

2. श्री लकी राणा ने इस निदेशालय में तकनीशियन (T–1) के पद पर दिनांक 28.01.2025 से कार्यभार ग्रहण किया।

3. डॉ. मनोज नाथ ने इस निदेशालय में वरिष्ठ वैज्ञानिक (कृषि जैव प्रौद्योगिकी) के पद पर दिनांक 13.05.2025 (पूर्वाह्न) से कार्यभार ग्रहण किया।

4. डॉ. प्रमेश डी. ने इस निदेशालय में वरिष्ठ वैज्ञानिक (पादप रोग विज्ञान) के पद पर दिनांक 05.06.2025 (अपराह्न) से कार्यभार ग्रहण किया।

5. डॉ. मनीषा नेगी ने इस निदेशालय में वैज्ञानिक (मृदा विज्ञान) के पद पर दिनांक 27.10.2025 (पूर्वाह्न) से कार्यभार ग्रहण किया।

## ,e,lihi

1. श्री धर्म दास, UDC को दिनांक 02.02.2025 से अगले उच्च स्तर – 6 में संशोधित सुनिश्चित कैरियर प्रगति योजना (MACP) प्रदान की गई।

2. श्रीमती शशि पूनम, UDC को दिनांक 09.02.2025 से अगले उच्च स्तर – 6 में संशोधित सुनिश्चित कैरियर प्रगति योजना (MACP) प्रदान की गई।

## fuofÙk

1. डॉ. सुशील कुमार, मुख्य तकनीकी अधिकारी, इस निदेशालय से 31.03.2025 (अपराह्न) को सेवानिवृत्त हुए।

2. श्री भीम सिंह, सहायक, इस निदेशालय से 31.03.2025 (अपराह्न) को सेवानिवृत्त हुए।

3. Smt. Meera Devi, Technician T-1, superannuated from this Directorate on 31.03.2025 (AN).

4. Dr. V.P. Sharma, Director, superannuated from this Directorate on 31.10.2025 (AN).

### Promotions

1. Sh. Deepak Sharma, Technical Officer (T-5), has been promoted as Sr. Technical Officer (T-6) w.e.f. 29.10.2024 in Level-10.

2. Sh. Vinay Sharma, MTS, has been promoted as Technician T-1 under 33.3% Departmental Promotion Quota w.e.f. 29.10.2025 in Level-3.

3. श्रीमती मीरा देवी, तकनीशियन T–1, इस निदेशालय से 31.03.2025 (अपराह्न) को सेवानिवृत्त हुईं।

4. डॉ. वी.पी. शर्मा, निदेशक, इस निदेशालय से 31.10.2025 (अपराह्न) को सेवानिवृत्त हुए।

### inkUufr

1. श्री दीपक शर्मा, तकनीकी अधिकारी (T–5), को दिनांक 29.10.2024 से लेवल–10 में वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (T–6) के पद पर पदोन्नत किया गया है।

2. श्री विनय शर्मा, MTS, को दिनांक 29.10.2025 से 33.3% विभागीय पदोन्नति कोटे के तहत लेवल–3 में तकनीशियन T–1 के पद पर पदोन्नत किया गया है।

# Annexure - 3
# AWARDS AND RECOGNITIONS
# अनुबंध - 3
# पुरस्कार और सम्मान

1. Dr. Anil Kumar got Outstanding Achievement Award- 2025 for outstanding contribution in mycology and plant pathology during International conference on "Sustainable environments for agriculture, bio-diversity, technology and market for next generation (SEABTMG-2025)" from November 13-14, 2025.

2. Dr. Reetu won Gold medal in Badminton Doubles (Women) during ICAR Zonal sports meet held at NDRI Karnal from 02-05th Feb 2025.

3. Dr. Reetu got Article Award from Food and Scientific Reports on the topic "*Cordyceps militaris*: Bio-actives and therapeutic potential".

4. Dr. Reetu received "Technology Development award" for the development of "Berseem Variety: JHB 20-1 (Bundel Berseem-9)" during 64th foundation day of IGFRI Jhansi on 1st November, 2025.

5. Dr. Brij Lal Attri got Dr. J. C. Anand Award & Gold Medal- 2025 for outstanding contribution in postharvest management of horticultural crops from Indian Academy of Horticultural Sciences (IAHS) in its 11th Indian Horticultural Congress held at Bangaluru w.e.f. 6-9 Nov., 2025.

1. डॉ. अनिल कुमार को 13–14 नवंबर, 2025 को आयोजित ''कृषि, जैव–विविधता, प्रौद्योगिकी और अगली पीढ़ी के लिए बाजार हेतु सतत पर्यावरण (SEABTMG–2025)'' पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान कवक विज्ञान और पादप रोग विज्ञान के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 'उत्कृष्ट उपलब्धि पुरस्कार–2025' से सम्मानित किया गया।

2. डॉ. रीतू ने 02–05 फरवरी, 2025 को NDRI करनाल में आयोजित ICAR जोनल स्पोर्ट्स मीट के दौरान बैडमिंटन युगल (महिला) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

3. डॉ. रीतू को ''*Cordyceps militaris*: Bio-actives and therapeutic potential'' विषय पर उनके लेख के लिए 'Food and Scientific Reports' की ओर से 'आर्टिकल अवार्ड' प्रदान किया गया।

4. डॉ. रीतू को 1 नवंबर, 2025 को IGFRI झांसी के 64वें स्थापना दिवस पर ''बरसीम की किस्मः JHB 20–1 (बुंदेल बरसीम–9)'' विकसित करने के लिए ''टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट अवॉर्ड'' मिला।

5. डॉ. बृज लाल अत्री को बेंगलुरु में 6–9 नवंबर, 2025 तक आयोजित '11वीं इंडियन हॉर्टिकल्चरल कांग्रेस' में इंडियन एकेडमी ऑफ हॉर्टिकल्चरल साइंसेज (IAHS) की ओर से बागवानी फसलों के कटाई–बाद प्रबंधन (postharvest management) में उत्कृष्ट योगदान के लिए 'डॉ. जे. सी. आनंद अवार्ड और गोल्ड मेडल–2025' से सम्मानित किया गया।

# Annexure - 4
# Financial Statement for the FY 2025-26
# अनुबंध - 4
# वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वित्तीय विवरण

| S.No. | Heads of Accounts | Allocation 2025 (In Lakhs) | Exp. 2025 (In Lakhs) |
|---|---|---|---|
| i | Land | - | - |
| ii | Works | 0 | 0 |
| iii | Equipment | 24.32 | 24.32 |
| iv | Information Technology | 2.31 | 2.31 |
| v | Library | 0.39 | 0.39 |
| vi | Furniture & Fixture | 2.98 | 2.98 |
| vii | Others (SCSP- Equipment) | 0.00 | 0.00 |
| viii | Others (TSP – Equipment) | 0.00 | 0.00 |
| | **Total Capital Assets** | **30.00** | **30.00** |
| | Establishment Expenses | - | - |
| i | Establishment Charges | 615.86 | 615.86 |
| i i | Wages | - | - |
| | **Total Estt. Charges** | **615.86** | **615.86** |
| II | General Revenue | | |
| 1 | Pension & Other Retirement Benefits | 260.40 | 260.40 |
| 2 | TA Domestic/Transfer TA | 12.97 | 12.97 |
| 3 | Research & Operational Expenses | 91.18 | 91.18 |
| 4 | Administrative Expenses | 180.44 | 180.44 |
| 5 | Misc. Expenses | 50.41 | 50.41 |
| | **Total Revenue** | **335.00** | **335.00** |
| | NEH | 0.00 | 0.00 |
| | TSP | 15.00 | 15.00 |
| | SCSP | 18.75 | 18.75 |
| | **Grand Total: (Capital & Revenue)** | **398.75** | **398.75** |

| S. No. | Head of Account | Allocation | Expenditure |
|---|---|---|---|
| 1 | Budget 2025-26 | 1275.01 | 1275.01 |
| 2 | AICRP on Mushroom | 545.29 | 545.29 |
| | | Target | Actual Receipt |
| 1 | Revenue Generation 2025-26 | 319.00 | 211.41 |

# Annexure - 5
# Sale of Mushroom Spawn-2025
# अनुबंध – 5
# खुम्ब स्पॉन की बिक्री–2025

| S. No. | Month | Button (Kg) | Oyster (Kg) | Milky (Kg) | Shiitake (Kg) | Ganoderma (Kg) | Hericium (Kg) | Others (Kg) | Total (Kg) | Master spawn (250gm) | Total spawn amount (Rs.) | Spawn Training amount (Rs.) | Total (spawn + training) (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Apr-25 | 14 | 1057 | _ | 23 | 130 | _ | _ | 1224 | 18 | 106920 | 6000(2) | 112920 |
| 2 | May-25 | 71 | 611 | 210 | _ | 400 | _ | _ | 1292 | 16 | 111360 | _ | 111360 |
| 3 | Jun-25 | 63 | 2755 | 11 | _ | 6 | 61 | 10(PS) | 2906 | 40 | 310600 | 30000(10) | 340600 |
| 4 | Jul-25 | 10 | 1453 | _ | _ | 100 | _ | _ | 1563 | _ | 156300 | _ | 156300 |
| 5 | Aug-25 | 132 | 4818 | 529 | 34 | 190 | 493 | 10(TT) | 6206 | 21 | 631100 | _ | 631100 |
| 6 | Sep-25 | 194 | 2780 | 6 | 114 | 256 | 20 | 50(TT) | 3420 | 40 | 362000 | 18000(6) | 380000 |
| 7 | Oct-25 | 463 | 4321 | _ | 1 | 5 | 70 | _ | 4860 | 2 | 487000 | _ | 487000 |
| 8 | Nov-25 | 262 | 3315 | _ | 16 | _ | 154 | _ | 3747 | _ | 374700 | 49500(11) | 424200 |
| 9 | Dec-25 | 120 | 2879 | _ | 258 | 2 | 277 | _ | 3536 | 58 | 382600 | 54000(12) | 436600 |
| 10 | Jan-26 | 5 | 1844 | _ | 258 | 501 | 75 | 11(TT) | 2694 | 1 | 269900 | 54000(12) | 323900 |
| 11 | Feb-26 | 318 | 3092 | 7 | 48 | 255 | 104 | 41(FL) + 10(TT) | 3875 | 6 | 390500 | 54000(12) | 444500 |
| 12 | Mar-26 | 78 | 2642 | 234 | 20 | 772 | 65 | _ | 3811 | _ | 381100 | 90000(20) | 471100 |
| | **TOTAL** | **1730** | **31567** | **997** | **772** | **2617** | **1319** | **132** | **39134** | **202** | **3964080** | **355500** | **4319580** |

Where TT- Turkey tail, FL- Flammulina and PS- Paddy straw

# NOTES